तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 23.6 डिग्री

हरिभूमि
इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार 19 सितंबर 2026

भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर

10 धमधा में सबसे कम बारिश, फसल पकने के लिए...

11 प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर दीपों से जगमगा...

न्यु ओम ज्वेलर्स
हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री
शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता
टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध
जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई SUNDAY OPEN
शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है
▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री
संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी

खबर संक्षेप

अवैध शराब के साथ पकड़ाया

भिलाई। अवैध शराब का कारोबार करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर शिवनाथ नदी रोड बेलदार पारा के पास शराब बेचने की जानकारी मिली। पुलिस ने घेराबंदी कर बजरंग नगर दुर्ग निवासी मनीष निषाद को पकड़ा गया। उसके पास से 28 नग देशी मसाला मदिरा, प्रत्येक में 180 एमएल शराब भरी सीलबंद बोतलें जब्त हुई। जिसकी कीमत 2,800 रुपए आंकी गई है।

धारदार हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

भिलाई। धारदार हथियार लेकर लोगों को डराने धमकाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि अकलोरडीह निवासी बिट्टू पटेल उर्फ कचरू धारदार हथियार लेकर लोगों को धमकाने निकला था। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई किया है।

खाद्य विभाग की छापेमारी में दो जगह पकड़ा गया था चावल

जिला प्रशासन की कार्रवाई से हुआ खुलासा चल रही है पीडीएस चावल की कालाबाजारी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

दुर्ग जिले में सरकारी यानि पीडीएस के चावल की कालाबाजारी हो रही है इसका खुलासा जिला प्रशासन की टीम की छापेमारी के बाद हो गया है। छापेमारी में जब्त चावल के सैंपल को जांच के लिए नॉन भेजा गया था। वहां से रिपोर्ट आई है कि दो जगहों से जब्त जावल में एक जगह का चावल पीडीएस का है। अब खाद्य विभाग पकड़े गए चावल तस्कर के खिलाफ गैर जमानती धाराओं के साथ मामला दर्ज कराएगी।

बुधवार 16 सितंबर को जिला प्रशासन और खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने पुलिस बल के साथ भिलाई के चार चावल तस्करों के यहां छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान उन्होंने दो जगहों से 132 कट्टा चावल जब्त किया था। जब्त चावल के सैंपल को जांच के लिए भेजा नॉन भेजा गया था।वहां से आई रिपोर्ट के मुताबिक अधिकारियों ने राजीव नगर वार्ड 19 सुपेला भिलाई स्थित अमर दास चेलक के निजी मकान में जो 60 प्लास्टिक के बोरे में भरा हुआ जो लगभग 30 क्विंटल चावल जब्त किया था वह पीडीएस का अरवा चावल है। जल्द ही विभाग अमर दास के बेटे सोहन चेलक के खिलाफ मामला दर्ज कराकर आगे की कार्रवाई करेगा। छापेमारी के दौरान त्रिवेदी किराना स्टोर श्रीराम चौक खुर्सीपार के प्रोपराइटर त्रिवेदी लाल साव के दुकान के पीछे स्थित गोदाम से 72 कट्टा यानि 36 क्विंटल प्लास्टिक कट्टा में चावल जप्त किया गया। रिपोर्ट में इस चावल को खंडा चावल बताया गया है।

चलेगा अभियान, होगी गैर जमानती कार्रवाई

चावल तस्कर बचा चालक पर मामला दर्ज

शहर में चर्चा है कि जो पीडीएस का चावल खाद्य विभाग की टीम ने सोहन चेलक के पास से जब्त किया है वो दरअसल चावल का अवैध कारोबार करने वाले हरा नाम से चर्जित व्यक्ति हरा का है। सोहन उसके आटो का चालक है और उसके चावल को आटो में लोड करके मिल तक पहुंचाने का काम करता है। कार्रवाई के दिन विभाग ने हरा को भी पकड़ा था, लेकिन बाद में सुपेला पुलिस ने उसके खिलाफ सिर्फ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की और वो जमानत पर छूट गया।

क्या मिल संचालकों तक पहुंच पाएगी कलेक्टर की टीम

दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जिला प्रशासन की टीम को एसडीएम के निर्देशन में छापेमारी के लिए भेजा था। इस कार्रवाई में यह भी साबित हो गया है जिले में पीडीएस के चावल की तस्करी हो रही है। शहर के कुछ चावल कारोबारियों का कहना है कि इस काले कारोबार में मिल के संचालक भी मिले हुए हैं। क्या कलेक्टर की टीम उन मिल संचालकों तक भी पहुंचेगी, जो यह ब्लैक का चावल खरीद रहे हैं। क्या उनके ऊपर भी कार्रवाई होगी, या फिर मामले में लीपापोती करके छोड़ दिया जाएगा।

चावल लेकर फरार आटो की तलाश और पूछताछ जारी

खाद्य विभाग के अधिकारी से मिली जानकारी के मुताबिक छापेमारी के दौरान टीम सुपेला में निक्की साव के यहां भी पहुंची थी, लेकिन उसके यहां चावल नहीं मिला। इसके बाद टीम रामनगर स्थित बलविंदर सिंह उर्फ काके सरदार के सिंह टेडर्स में पहुंचने वाली थी, लेकिन तब तक उसे किसी ने सूचना दे दी और वो अपना चावल एक आटो में लोडकर भेज रहा था। टीम ने आटो चालक को रोका, लेकिन वो दूसरे रास्ते से होकर भाग गया। खाद्य अधिकारी अनुराग सिंह भदौरिया का कहना है कि पुलिस उस आटो का पता लगा रही है। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

एक सैंपल में मिला पीडीएस का चावल

दुर्ग कलेक्टर के निर्देश पर टीम बनाकर छापेमार कार्रवाई की गई थी। उसमें दो अलग-अलग जगहों से चावल जब्त कर उसके सैंपल को टेस्ट के लिए भेजा गया था। नॉन से जो रिपोर्ट आई है उसके मुताबिक सुपेला में अमर दास चेलक के पास से मिला चावल पीडीएस का पाया गया है। कलेक्टर के निर्देश पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-अनुराग सिंह भदौरिया,
जिला खाद्य अधिकारी दुर्ग

बाइक एनीकट में गिरी चालक बहा, मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

एनीकेट पार करते समय एक बाइक अचानक स्किट करके नदी में जा गिरी। नदी में बहाव तेज होने से चालक उसमें बह गया। सूचना मिलते ही रानीतराई पुलिस ने एसडीआरएफ दुर्ग को बुलाया। टीम ने दूसरे दिन पानी से खोजकर युवक के शव को निकाला है।

▪ घटना रानीतराई पुलिस थाना क्षेत्र की

जानकारी के मुताबिक गुरुवार 17 सितंबर की रात ग्राम तर्रा गोंदी भाखरा जिला धमतरी निवासी सुरेन्द्र कुमार यादव अपने दोस्त के साथ बाइक से दुर्ग विश्वकर्मा जयंति कार्यक्रम में शामिल होने आया था। वह बाइक से रानीतरई थाना अंतर्गत ग्राम ओदरागहन एनीकट पार कर रहा था। तभी उसकी बाइक अनबैलेंस हो गई और दोनो युवक बाइक सही नदी में जा गिरे। पीछे बैठा युवक किसी तरह नदी से बाहर आ गया, लेकिन सुरेंद्र तेज बहाव में बह गया। पुलिस ने एसडीआरएफ को सूचना दी, लेकिन रात हो जाने से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू नहीं किया गया। शुक्रवार सुबह एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू शुरू किया और कई घंटों की खोज के बाद सुरेंद्र के शव को खोज कर बाहर निकाला। टीम के एसडीआरएफ के एक्सपर्ट डीप डाइवर राजकुमार यादव व ओंकार ने नदी में डीप डाइविंग कर सघन रेस्क्यू अभियान चलाया।

एनीकेट के ऊपर से पानी फिर भी निकाली बाइक

बताया जा रहा था कि ओदरागहन एनीकट के एक फिट ऊपर से पानी के बहाव था। इसके बाद भी सुरेंद्र ने बाइक को चलाते हुए पार किया। एनीकट में काई जमी होने से उसकी बाइक अचानक फिसल गई और सीधे नदी में जा गिरी। यदि वो सावधानी बरतता तो शायद ये दुर्घटना नहीं होती।

एस-स्क्वायर एरोमैक्स के संचालकों पर जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

डीएसपी को झूठे मामले में फंसाने और उनके खिलाफ भ्रामक शिकायतें करने के आरोप में पुलिस ने एस-स्क्वायर आयरोमैक्स प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े तीन के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि आरोपियों में कंपनी के अधिकृत अधिकारी सतनाम सिंह, मैनेजिंग डायरेक्टर विभूति भूषण बाबू,श्रीराम गुप्ता है।इसकी शुरुआत स्कार्पियो सीजी 5 एपी 5000 से जुड़ी शिकायत से हुई। कंपनी के अधिकृत अधिकारी मदर टेरेसा नगर कैम्प 2 निवासी सतनाम सिंह ने 13 अक्टूबर 2025 को जामुल थाने में शिकायत की थी कि वाहन डीएसपी ने वापस नहीं किया है। शिकायत पर पुलिस ने जांच की और डीएसपी का बयान दर्ज किया। जांच के दौरान वाहन के मूल मालिक अंकित सिंह ने भी 7 नवंबर 2025 को शिकायत दी। पुलिस जांच में वाहन को लेकर कंपनी और अंकित सिंह के बीच लेनदेन का विवाद सामने आया। जामुल पुलिस ने जांच के बाद मामले में कोई अपराध नहीं पाया। पुलिस ने इसकी सूचना सतनाम सिंह को 20 फरवरी 2026 और अंकित सिंह को 21 फरवरी 2026 को दी। पीड़ित का आरोप है कि एस-स्क्वायर आयरोमैक्स प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े सतनाम सिंह, विभूति भूषण बाबू,श्रीराम गुप्ता ने आपस में मिलीभगत कर उनके खिलाफ लगातार झूठी, भ्रामक और तथ्यहीन शिकायतें कीं। कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने तीनों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दुर्ग भूपेश कुमार बसंत ने 11 सितंबर 2026 को दस्तावेजों के अवलोकन के बाद कहा कि उपलब्ध तथ्यों के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मिथ्या सूचना देने, लोक सेवक के काम में बाधा डालने, झूठी शिकायत और साक्ष्य तैयार करने, नुकसान पहुंचाने का अपराध बनता है।

कोर्ट के आदेश पर हुआ अपराध दर्ज

झूठे मामले में फंसाने के आरोप को लेकर डीएसपी ने पहले संबंधित थाने में शिकायत की थी। मामला दर्ज नहीं होने पर उन्होंने कोर्ट में अधिवक्ता विनोद दुबे के माध्यम से आवेदन लगाया। न्यायालय में दिए आवेदन में डीएसपी ने आरोप लगाया कि जामुल पुलिस की जांच के बाद भी आरोपियों ने इसी घटनाक्रम को लेकर 27 मई 2026 को एसपी, एएसपी,थाना जामुल में शिकायत की। इसके बाद 14 जुलाई 2026 को सुपेला पुलिस में भी शिकायत की गई। आरोप है कि पूर्व जांच के तथ्यों और पुलिस के निष्कर्ष को छिपाकर डीएसपी के खिलाफ आपराधिक आरोप लगाए गए। डीएसपी ने पुलिस अधिकारियों के सामने शिकायत करने के साथ 29 मई को डीजीपी,एसपी से 6 जुलाई को मुख्यमंत्री के ऑनलाइन पोर्टल पर भी शिकायत की थी। 17 और 21 जुलाई को सुपेला पुलिस में शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने कोर्ट में आवेदन दिया। तब जाकर अपराध दर्ज किया गया। सिम्प्लेक्स कॉस्टिंग लिमिटेड की सिस्टर कंपनी एस-स्क्वायर एरोमैक्स के संचालकों के मामले में दुर्ग पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा हो रहा है। आरोप यह भी है कि पूर्व में भी संगीता शाह के खिलाफ दो बार अपराध दर्ज होने के बाद भी उसे फरार होने और अग्रिम जमानत प्राप्त करने का अवसर दिया गया।

रकम गबन के मामले में पूर्व मैनेजर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भारत फाइनेंसियल इन्क्लूजन लिमिटेड शाखा धमधा में ग्राहकों से किस्त राशि वसूलकर कंपनी में जमा नहीं कर रकम गबन करने के मामले में पुलिस ने पूर्व मैनेजर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। धमधा पुलिस ने बताया कि एकलव्य नगर, दल्लीराजहरा, जिला बालोद निवासी रणजीत सिंह ने 4.85 लाख 575 रुपए का गबन करने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। रणजीत के खिलाफ पूर्व क्रेडिट मैनेजर भारत फाइनेंसियल इन्क्लूजन लिमिटेड धमधा द्वारा पुलिस में शिकायत किया गया था। जिसमें आरोपी रणजीत कंपनी की धमधा शाखा में लगभग 6 माह तक संगम मैनेजर के पद पर कार्यरत था।

उसका कार्य शाखा से जुड़े सदस्यों को गांवों में जाकर लोन वितरित करना और सदस्यों से लोन की किस्त प्राप्त कर कार्यालय में जमा करना था। जांच करने पर पता चला कि कुल 34 सदस्यों से लोन का किस्त लेकर बकाया राशि प्राप्त किया। उक्त राशि कंपनी के कार्यालय में जमा नहीं किया था। उसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। सूचना पर पुलिस ने दल्लीराजहरा, जिला बालोद रवाना हुई साइबर टीम की मदद से उसे दल्लीराजहरा से पकड़ा गया। पूछताछ करने पर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया है।

गीला-सूखा कचरा अलग-अलग नहीं रखने पर 9 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशानुसार को जोन क्रमांक 1 अंतर्गत वार्ड 12, रानी अवंती बाई कोहका क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठानों में अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) नहीं पाए जाने तथा गीला एवं सूखा कचरा पृथक-पृथक नहीं रखने पर संबंधित संचालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई।

कार्रवाई के दौरान अदिति कैफे फास्ट फूड पर अनुज्ञप्ति लाइसेंस नहीं होने पर 2,000 रुपए, जय मां शारदा स्वीट्स बेकरी पर 1,500 रुपए तथा गीला-सूखा कचरा पृथक नहीं रखने पर 500 रुपए का जुर्माना लगाया गया। इसी प्रकार फ्यूजन तड़का पर गीला एवं सूखा कचरा पृथक नहीं रखने पर 1,000 रुपए तथा अनुज्ञप्ति लाइसेंस नहीं पाए जाने पर 4,000 रुपए की चालानी कार्रवाई की गई। इस प्रकार कुल 9,000 रुपए की राशि जुर्माने के रूप में वसूल की गई। निगम द्वारा प्रतिष्ठान संचालकों को अनुज्ञप्ति लाइसेंस अनिवार्य रूप से प्राप्त करने तथा गीले एवं सूखे कचरे को पृथक-पृथक रखने के निर्देश दिए गए हैं। निगम की टीम द्वारा स्वच्छता एवं नियमों के पालन को लेकर आगे भी नियमित निरीक्षण एवं कार्रवाई जारी रहेगी।

छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी किया शेडयूल

सरकारी स्कूलों में पहली से बारहवीं तक की होगी तिमाही परीक्षा 21 से होगी शुरू, 1.34 लाख होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

सरकारी स्कूलों की तिमाही परीक्षा पहली बार पूरे प्रदेशभर में एक साथ ली जाएगी। इसके पहले तिमाही की परीक्षा जिला शिक्षा विभाग अपने हिसाब से लेता रहा है। केवल हाई व हायर सेकंडरी स्कूलों की तिमाही परीक्षाओं के लिए लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी शेड्यूल से होते रहे हैं। पहली से लेकर बारहवीं क्लास तक की तिमाही परीक्षा 21 सितंबर से एक साथ शुरू होगी। तिमाही परीक्षा के मिले अंक भी वार्षिक परीक्षा के फाइलन रिजल्ट में जुड़कर तैयार किए जाएंगे।इसलिए स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेशभर में एक साथ यह परीक्षा आयोजित करवा रहा है। दुर्ग जिले के 1100 सरकारी स्कूलों के 1.34 लाख विद्यार्थी इस परीक्षा में शामिल होगें।

▪ तिमाही परीक्षा के अंक से भी होंगे फाइनल रिजल्ट तैयार

प्राथमिक व माध्यमिक की परीक्षा इस समय पर

प्राथमिक स्तर की तिमाही परीक्षा 21 सितंबर से शुरू होकर 26 सितंबर तक आयोजित की जाएगी। प्राथमिक स्तर (कक्षा 1 से 5) की परीक्षाएं सुबह 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक तथा माध्यमिक स्तर (कक्षा 6 से 8) की परीक्षाएं सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक संचालित होंगी।

फाइल फोटो

हाई व हायर सेकंडरी की परीक्षा का यह समय

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों की तिमाही परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। कक्षा 9वीं से 12वीं तक की तिमाही परीक्षाएं 21 सितंबर से शुरू होकर 30 सितंबर 2026 तक संचालित होंगी। सभी परीक्षाएं दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित की जाएंगी।

नवमी की परीक्षा 28 तक चलेगी

कक्षा 9वीं की परीक्षा 21 सितंबर को हिन्दी प्रथम भाषा से प्रारंभ होगी। इसके बाद 22 सितंबर को अंग्रेजी, 23 सितंबर को गणित, 24 सितंबर को विज्ञान, 25 सितंबर को सामाजिक विज्ञान तथा 26 सितंबर को संस्कृत एवं अन्य तृतीय भाषाओं का प्रश्नपत्र होगा। 28 सितंबर को व्यावसायिक विषयों की परीक्षा आयोजित की जाएगी।

दसवीं की परीक्षा 29 को होगी पूरी

कक्षा 10वीं की परीक्षा 21 सितंबर को गणित विषय से शुरू होगी। 22 सितंबर को हिन्दी, 23 सितंबर को अंग्रेजी, 24 सितंबर को सामाजिक विज्ञान, 25 सितंबर को संस्कृत एवं अन्य तृतीय भाषाएं तथा 26 सितंबर को विज्ञान विषय की परीक्षा होगी। व्यावसायिक विषयों की परीक्षा 28 सितंबर को तथा संस्कृत एवं अन्य तृतीय भाषाओं की परीक्षा 29 सितंबर को निर्धारित की गई है।

ग्यारहवीं और बारहवीं की समय सारिणी

कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए भी विषयवार परीक्षा कार्यक्रम जारी किया गया है। इनमें विज्ञान, वाणिज्य और कला संकाय के विभिन्न विषयों के साथ-साथ व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं भी निर्धारित तिथियों पर आयोजित होंगी। 30 सितंबर को विभिन्न व्यावसायिक विषयों की अंतिम परीक्षा के साथ तिमाही परीक्षा संपन्न होगी।

प्राइमरी और माध्यमिक पर यह शेडयूल

प्राइमरी व माध्यमिक स्तर की 21 सितंबर को सभी कक्षाओं में हिन्दी विषय की परीक्षा होगी। 22 सितंबर को गणित, 23 सितंबर को कक्षा 1 से 5 तक अंग्रेजी तथा कक्षा 6 से 8 तक विज्ञान विषय का प्रश्नपत्र होगा। 24 सितंबर को कक्षा 1 से 3 के लिए पर्यावरण तथा कक्षा 4 से 8 के लिए अंग्रेजी विषय की परीक्षा निर्धारित की गई है। इसी तरह 25 सितंबर को कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों की सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा आयोजित होगी। वहीं 26 सितंबर को कक्षा 6 से 8 के लिए संस्कृत विषय का प्रश्नपत्र रखा गया है।

पेवर ब्लॉक की जांच को पहुंचीं महापौर, इस बार मिला सब ठीक, कांग्रेस ने उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

महापौर अल्का बाघमार पिछले कुछ समय से नियमित रूप से पेवर ब्लॉक के कामों का निरीक्षण कर रही हैं। शुक्रवार को महापौर ने वार्ड 18 जवाहर नगर में सड़क एवं गार्डन के समीप किए गए पेवर कार्य की गुणवत्ता का निरीक्षण किया। मौके पर पेवर ब्लॉक निकलवाकर उसके नीचे की सतह एवं निर्माण की गुणवत्ता की बारीकी से जांच की।इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित क्षेत्र के सहायक अभियंता सुरेश केवलानी एवं उप अभियंता पंकज साहू के साथ कार्य की गुणवत्ता एवं निर्माण संबंधी मानकों का निरीक्षण किया। इस दौरान पेवर ब्लॉक को उखाड़कर भी कार्य की गुणवत्ता की जांच की गई।

निरीक्षण के दौरान महापौर ने मौके पर किए गए पेवर कार्य की गुणवत्ता की जांच की। जांच में कार्य निर्धारित गुणवत्ता एवं मानकों के अनुरूप पाया गया। उक्त कार्य 15वें वित्त आयोग के मिलेनियम प्लस सिटी मद से स्वीकृत किया गया है। महापौर अलका बाघमार ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में कराए जा रहे प्रत्येक विकास कार्य की गुणवत्ता पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। जनता के लिए स्वीकृत विकास कार्य निर्धारित मापदंडों एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण होना चाहिए। महापौर के पेवर ब्लॉक को लेकर नियमित रूप से परीक्षण किए जाने पर कांग्रेस ने सवाल उठाए हैं। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि उन कामों की जांच की जा रही है, जिन कामों में कार्य एजेंसी ऑनलाइन तय की गई है। शेष मैनुवल कामों में न कोई जांच हो रही है, न कोई कार्रवाई।

जवाहर नगर में सड़क एवं गार्डन के समीप हुए पेवर ब्लॉक को उखाड़कर किया गया परीक्षण

लापरवाही बर्दाश्त नहीं, मानकों का पालन जरूरी : महापौर

महापौर ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाए तथा कार्यों की नियमित रूप से स्थल पर जाकर जांच की जाए, ताकि नागरिकों को लंबे समय तक बेहतर सुविधाएं मिल सके। महापौर ने कहा कि शहर के सभी वार्डों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार एवं अधोसंरचना विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। नागरिकों से प्राप्त सुझाव एवं समस्याओं के आधार पर भी आवश्यक कार्यों को चिन्हित कर निराकरण की दिशा में कार्य किया जा रहा है। महापौर के निरीक्षण के दौरान मनमोहन शर्मा सहित वार्ड के रहवासी एवं नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

कांग्रेस का आरोप, जांच के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति

इस पूरे मामले में कांग्रेस ने सवाल उठाए हैं। कांग्रेस का आरोप है कि महापौर सिर्फ उन कार्यों की जांच कर रही हैं, जो ऑनलाइन टेंडर में आवंटित किए हैं। मैनुवली वाले या अन्य ऐसे कार्यों पर कोई आपत्ति नहीं की जा रही है, जो उनके समर्थकों को मिला। वहीं जांच के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हो रही है। पिछले करीब 5 बार से महापौर द्वारा पेवर ब्लॉक और अन्य कार्यों का निरीक्षण किया गया। कार्य एजेंसी को फटकार लगाई गई। काम के रुकवाया गया। यहां तक पेवर ब्लॉक को उखड़वाकर फिर से लगवाया गया। ऐसा उन्हीं कामों में किया जा रहा है, जिसमें एजेंसी ने ऑनलाइन टेंडर प्रक्रिया पूरी कर काम लिया है। कांग्रेसी पार्षदों ने कहा कि जांच की जानी है, तो शहर में हो रहे हर काम की होनी चाहिए।

जांच करना अच्छी बात, लेकिन सभी कामों में हो

शहर में होने वाले कामों की जांच करना अच्छी बात है। महापौर का यह काम सराहनीय है, लेकिन इस में किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। शहर के अन्य हिस्सों में भी काम चल रहा है, वहां क्यों जांच नहीं होती। महापौर उन्हीं जगहों पर जांच के लिए पहुंचती हैं और खामियां गिनाई जाती हैं, जहां ऑनलाइन टेंडर प्रक्रिया हुई है। इसका जवाब मेयर को देना चाहिए। **-संजय कोहले,** नेता प्रतिपक्ष नगर निगम दुर्ग

खबर संक्षेप

बड़जात्या का हालचाल जानने पहुंचे मंत्री

दुर्ग। चेंबर ऑफ कामर्स के वरिष्ठ सदस्य और पदाधिकारी पवन बड़जात्या पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे हैं। उनका दो बार ऑपरेशन भी हो चुका है। जानकारी के बाद शिक्षामंत्री गजेंद्र यादव उनसे मुलाकात करने उनके निवास पहुंचे। उनका हालचाल जाना। बड़जात्या भाजपा से भी जुड़े हुए हैं। 1980 में पार्टी स्थापना से लेकर अब तक बिना किसी स्वार्थ, पद या कोई मंशा लिए निरंतर एक सामान्य कार्यकर्ता के भांति पार्टी के हर कार्य में सम्मिलित रहे। मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि उन्होंने परिजनों से बात की। साथ ही हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

राधाष्टमी आज

भिलाई। ब्रजमंडल भिलाई द्वारा राधारानी के अवतरण दिवस राधाष्टमी महापर्व का आयोजन 19 सितंबर को गीता भवन सेक्टर-6 स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में भक्ति और उल्लास के साथ किया जाएगा। राधा-कृष्ण के जीवन पर आधारित नृत्य नाटिका, भजन संध्या और बाल कलाकारों की राधा-कृष्ण वेशभूषा प्रतियोगिता विशेष आकर्षण रहेगी।
कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 11 बजे से होगी।

फसलों में फूल लगे लेकिन पानी की कमी से जूझ रहे हैं किसान

धमधा में सबसे कम बारिश, फसल पकने के लिए पानी की पड़ेगी जरूरत

15 दिनों में अच्छी बारिश नहीं हुई तो जलाशयों से छोड़ना पड़ेगा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

जिले के धमधा तहसील क्षेत्र में इस साल सबसे कम बारिश हुई है। हाल यह है कि खेतों में इतना पानी नहीं है कि फसल पक सके। धान की अरली वेरायटी वाले फसलों में फूल लग गए हैं और इसे पकने के लिए ज्यादा पानी चाहिए। इस महीने यानी 15 दिनों में अच्छी बारिश यहां नहीं हुई तो जलाशयों से पानी की जरूरत पड़ेगी। इस तहसील में अब तक औसत से सबसे कम वर्षा दर्ज की गई है। धमधा में 518.7 मिमी वर्षा हुई है, जो औसत 574.5 मिमी का 90.3 प्रतिशत है। धमधा और अहिवारा तहसीलों में अब तक औसत से कम वर्षा दर्ज की गई है। धमधा में 518.7 मिमी वर्षा हुई है, जो औसत 574.5 मिमी का 90.3 प्रतिशत है।

तांदुला जलाशय बालोद से मिलता है धमधा क्षेत्र को पानी

दुर्ग जिले में जलाशय नहीं होने की वजह से बालोद जिले के तांदुला जलाशय से धमधा क्षेत्र के खेतों में सिंचाई के लिए पानी छोड़ा जाता है। बालोद से होकर दुर्ग तहसील से होते हुए धमधा क्षेत्र में पानी पहुंचाने में जल संसाधन विभाग को काफी मशक्कत करनी पड़ती है। इतनी लंबी दूरी तक नहरों से होते हुए पानी जब यहां पहुंचता है तो टेल एरिया होने की वजह से सिंचाई भी बेहतर नहीं हो पाती। जिसकी वजह से धान व अन्य फसलों की पैदावारी प्रभावित होती है।

जिले में ही बारिश की है कमी

दुर्ग जिले में 1 जून से अब तक औसतन 744.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है, जो पिछले 10 वर्षों की इसी अवधि की औसत वर्षा 756.6 मिमी का 98.4 प्रतिशत है। जिले में अब तक कुल 4465 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जिले की संभावित औसत वर्षा 951.4 मिमी मानी जाती है, जिसके मुकाबले अभी भी लगभग 207 मिमी बारिश की आवश्यकता है।

किसानों को सताने लगी चिंता

धमधा क्षेत्र के किसानों की चिंता कम बारिश होने की वजह से बढ़ गई है। किसानों ने बताया कि इस सीजन की शुरूआत में यहां अच्छी बारिश हुई थी लेकिन उसके बाद बारिश कम होती गई। बारिश कम होने की वजह से इस बार यहां के किसानों ने दलहन-तिलहन की तरफ रूख किया है। इसके अलावा यहां टमाटर और अन्य साग-सब्जियां उगा रहे हैं। धान पर निर्भरता अधिक हैं इसलिए पानी की जरूरत अभी से ही है ताकि पैदावारी अच्छा हो सके।

बारिश नहीं होने से तापमान 32 डिग्री पार

पिछले तीन दिनों से बारिश नहीं होने और तेज धूप निकलने की वजह से अधिकतम तापमान भी बढ़ गया है। अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा है। इसी तरह न्यूनतम तापमान भी 23.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक 19 सितंबर को एक दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। 25 सितंबर से साइक्लोन के प्रभाव के प्रभाव से बारिश होने की संभावना है।

उरला-गया नगर-रामनगर की सड़क जर्जर, रोड नहीं बनने पर चक्काजाम का दिया अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

▪ कलेक्टर को भी ज्ञापन

वार्ड 57-58 उरला, गया नगर एवं रामनगर क्षेत्र की करीब 8 किलोमीटर लंबी जर्जर मुख्य सड़क के नवनिर्माण की मांग को लेकर शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने जिला प्रशासन के समक्ष आवाज उठाई है। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधीश, दुर्ग को ज्ञापन सौंपकर सड़क की तत्काल मरम्मत एवं नवनिर्माण की मांग की। इसके साथ ही लोक निर्माण विभाग के मुख्य कार्यपालन अभियंता को भी लिखित शिकायत देकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया कि चंडी मंदिर से गया नगर, रामनगर, उरला होते हुए राम मैरिज गार्डन तक लगभग 8 किलोमीटर लंबी मुख्य सड़क पीडब्लूडी के अधीन है। वर्तमान में बेहद जर्जर स्थिति में है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे, धंसाव और क्षतिग्रस्त हिस्सों के कारण राहगीरों एवं वाहन चालकों को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से स्कूली बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के लिए आवागमन जोखिमपूर्ण बना हुआ है। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन में कहा कि सड़क की बदहाल स्थिति के चलते दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है। प्रतिनिधिमंडल के अनुसार, गड्ढों के कारण दो ई-रिक्शा पलटने की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं, जिनमें यात्रियों के घायल होने की जानकारी है। ऐसी स्थिति में सड़क की तत्काल मरम्मत आवश्यक है। इस दौरान उरला के स्थानीय नागरिकों ने प्रतिनिधिमंडल को क्षेत्र में लंबे समय से अधूरे पड़े खेल मैदान की समस्या से भी अवगत कराया। नागरिकों ने बताया कि खेल मैदान का निर्माण पूर्ण नहीं होने के कारण बच्चों और युवाओं को खेल गतिविधियों के लिए पर्याप्त सुविधा नहीं मिल पा रही है। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने नागरिकों की मांग को भी ज्ञापन में शामिल करते हुए खेल मैदान का कार्य शीघ्र पूरा कराने की मांग प्रशासन के समक्ष रखी। इस अवसर पर अजय शर्मा, उपनेता प्रतिपक्ष विजयंत पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष आनंद कपूर ताम्रकार, मनीष बघेल, पूर्व पार्षद जमुना साहू, बृजलाल पटेल आदि मौजूद थे।

स्टूडेंट्स ने जाना पेटेंट और आईपीआर कार्यशाला में विशेषज्ञों ने रखे विचार

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

साइंस कॉलेज के जूलॉजी विभाग द्वारा आईक्यूएसी एवं आईआईसी के बैनर तले तथा रूसा के प्रायोजन में आईपीआर एवं डेटा विश्लेषण विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला के उद्घाटन छत्तीसगढ़ काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी रायपुर के साइंटिस्ट डी डॉ. अमित दुबे ने किया। वे रिसोर्स पर्सन के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ. अभिषेक सुराना ने की। वहीं स्वायत्त प्रकोष्ठ की समन्वयक डॉ. जगजीत कौर सलूजा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना, राष्ट्रीय गीत एवं राज्य गीत से हुआ। कार्यशाला की संयोजक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. दिव्या के. मिंज ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कार्यशाला के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्तमान शोध परिदृश्य में वैज्ञानिक आंकड़ों का उचित विश्लेषण तथा शोध से प्राप्त नवीन विचारों एवं उपलब्धियों का बौद्धिक संपदा अधिकारों के माध्यम से संरक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है। रिसोर्स पर्सन डॉ. अमित दुबे ने आईपीआर विषय पर विस्तृत एवं उपयोगी व्याख्यान दिया। उन्होंने बौद्धिक संपदा अधिकार की अवधारणा, आवश्यकता तथा इसके विभिन्न घटकों के बारे में जानकारी दी। भोजनावकाश के पश्चात आयोजित द्वितीय सत्र में उन्होंने विशेष रूप से पेटेंट की अवधारणा, शोध एवं नवाचार में उसकी उपयोगिता तथा शोध परिणामों के संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला। कार्यशाला के अंत में आयोजित इंटरैक्टिव सेशन में स्नातकोत्तर विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए आईपीआर एवं पेटेंट से संबंधित अनेक प्रश्न पूछे। डॉ. दुबे ने प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए व्यावहारिक जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन शोधार्थी प्राची चंद्राकर ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. संजू सिन्हा ने किया। इस अवसर पर प्रोफेसर एवं रसायन विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीता मैथ्यू, जैव प्रौद्योगिकी विभागाध्यक्ष डॉ. श्वेता पांडे एवं प्रोफेसर राकेश तिवारी उपस्थित रहे। कार्यशाला के सफल आयोजन में जूलॉजी विभाग के डॉ. नीरू अग्रवाल, डॉ. मौसमी डे, डॉ. अलका मिश्रा, सुदेश साहू एवं अनुराग मिश्रा का योगदान रहा।

मृतक के परिजनों को मिली 4-4 लाख की आर्थिक सहायता

दुर्ग। चंदखुरी तहसील व जिला दुर्ग निवासी स्व. खेमराज देवांगन की 1 अक्टूबर 2023 को तांदुला नदी में गिरने से पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। इसी प्रकार ग्राम नगपुरा निवासी स्व. पुनई बाई धनकर की 17 जून 2025 को शिवनाथ नदी के पानी में डूबने से, ग्राम अमेरी तहसील पाटन निवासी स्व. इन्दरमन ठाकुर की 17 अक्टूबर 2024 को नया तालाब में डूबने से तथा वार्ड 17 कादंबरी नगर दुर्ग निवासी स्व. अनिल बंसल की 25 सितंबर 2025 को ग्राम डोमा (पथरिया) स्थित शिवनाथ नदी एनीकेट अरसनारा पार करते समय पैर फिसलने से पानी में बह जाने के कारण डूबने से मृत्यु हुई थी। इसके अतिरिक्त ग्राम भाठागांव तहसील पाटन निवासी स्व. सेवक दास बारले की 12 मई 2025 को जहरीले सांप के काटने से मृत्यु हो गई थी। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप स्व. खेमराज देवांगन की पत्नी प्रभा बाई देवांगन को, स्व. पुनई बाई धनकर के पुत्र नीलकंठ धनकर को, स्व. इन्दरमन ठाकुर की पत्नी संतोषी को, स्व. अनिल बंसल की पत्नी पायल बंसल को तथा सर्पदंश से मृत स्व. सेवक दास बारले की माता बरतनीन बारले को 4 लाख-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

जिले के गौशालाओं का होगा मेंटनेंस, संचालन और देखरेख के लिए समितियों का होगा चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में जिला स्तरीय गौधाम समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने गौधामों में पानी, चारा और चिकित्सा की पर्याप्त व्यवस्था के निर्देश दिए। बैठक में गौधामों के संचालन एवं व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई। जिन गौधामों का संचालन नगरपालिका द्वारा नहीं किया जा सकता, वहां इच्छुक संस्था अथवा समिति से संचालन के लिए प्रस्ताव लेने के निर्देश दिए गए। पाटन, अमलेश्वर और अहिवारा के गौधामों के संचालन के लिए इच्छुक संस्थाओं एवं समितियों से प्रस्ताव लेने कहा गया। बैठक में निर्देशित किया गया कि जहां गौधाम संचालित हो रहे हैं, वहां निराश्रित एवं घुमंतू पशुओं के लिए पर्याप्त पानी, चारा और चिकित्सा की व्यवस्था सुनिश्चित हो। पशुओं के संरक्षण एवं देखभाल में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए।

गौधाम का उद्देश्य निराश्रित एवं घुमंतू पशुओं तथा छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम, 2004 एवं छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण नियम, 2014 के अंतर्गत जप्त गौवंशीय पशुओं का वैज्ञानिक पद्धति से संरक्षण एवं संवर्धन करना है। इसके साथ ही गौ उत्पादों को बढ़ावा देना, चारा विकास कार्यक्रम विकसित करना, गौधामों को प्रशिक्षण केंद्र के रूप में विकसित करना, पशु नस्ल सुधार को प्रोत्साहित करना तथा जनसामान्य को गौसेवा के लिए प्रेरित करना प्रमुख उद्देश्यों में शामिल हैं। इससे गौ आधारित गतिविधियों के माध्यम से रोजगार के अवसर भी विकसित किए जा सकेंगे। गौधाम संचालन के लिए पंचायत, स्व सहायता समूह, छत्तीसगढ़ राज्य गौसेवा आयोग में पंजीकृत एवं संचालित गौशाला की समिति, स्वयंसेवी संस्था, एनजीओ, ट्रस्ट, फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी तथा सहकारी समिति पात्र संस्थाओं में शामिल हैं। गौधाम के संचालन हेतु स्थानीय ग्राम पंचायत को प्राथमिकता दी जाएगी। ग्राम पंचायत द्वारा गौधाम का संचालन किए जाने की स्थिति में छत्तीसगढ़ राज्य गौसेवा आयोग द्वारा ग्राम पंचायत से सुरक्षा निधि नहीं ली जाएगी। ग्राम पंचायत द्वारा असहमति अथवा अनापत्ति प्रमाण पत्र दिए जाने पर चिन्हांकित भूमि के आसपास स्व सहायता समूह एवं पंजीकृत संचालित गौशाला की समिति को क्रमवार प्राथमिकता दी जाएगी। इस अवसर पर गोधाम समिति के अध्यक्ष विजय अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

विद्यार्थियों ने बनाई विकसित भारत की तस्वीर, मंत्री ने बढ़ाया उत्साह

दुर्ग। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सार्वजनिक सेवा समर्पण के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान आयोजित किया जा रहा है। शुक्रवार को पाटन स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भी विद्यार्थियों के लिए ड्रॉइंग एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी कला-कौशल और रचनात्मक सोच का प्रदर्शन किये। स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने आयोजन में शामिल होकर विद्यार्थियों की बनाई हुई कलाकृतियों का अवलोकन कर उनका उत्साहवर्धन किया। स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि विद्यार्थियों ने अपनी कला के माध्यम से विकसित भारत की सुंदर तस्वीर को कागज और रंगों में जीवंत रूप से उकेरा है। विद्यार्थियों की कलाकृतियों में केवल रंग और आकृतियां ही नहीं, बल्कि उनके सपने, उनकी सोच और देश के भविष्य को लेकर उनकी कल्पनाएं भी दिखाई देती हैं। बच्चों में शुरू से ही रचनात्मक सोच, नवाचार, आत्मनिर्भरता और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उनकी बनाई कलाकृतियों के विषय में जानकारी ली और उनकी कल्पनाओं की सराहना की। मंत्री ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थियों को अपनी रुचि और प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए भी पर्याप्त अवसर मिलना चाहिए।

बाजार से कम दामों में मिलेंगी ताजी एवं हाईजेनिक सब्जियां, बाघमार ने किया शुभारंभ

रायपुर नाका में खुला किफायती सब्जी की टोकरी का काउंटर

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

▪ प्रत्येक केंद्र पर दो महिलाओं को मिलेगा रोजगार

दुर्ग निगम ने एक अनोखी पहल की है। अब शहर में सस्ती और हाईजेनिक सब्जियां सस्ते दामों में मिलेंगी। इसके लिए रायपुर नाका में एक काउंटर खोला गया है। काउंटर का संचालन महिलाओं द्वारा किया जाएगा। महापौर अल्का बाघमार ने नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा शहरवासियों को किफायती दरों पर ताजी, स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण फल-सब्जियां उपलब्ध कराने की दिशा में एक अभिनव पहल की गई है। सेवा संकल्प अभियान के तहत रायपुर नाका स्थित वार्ड 21 के पंचरत्न गार्डन में सब्जी की टोकरी केंद्र का शुभारंभ मेयर अलका बाघमार ने किया। इस अवसर पर पूर्व महापौर चंद्रिका चंद्राकर विशेष रूप से मौजूद थीं। उन्होंने इस कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि इसका लाभ आसापास के लोगों को मिलेगा। इसके अलावा महिलाओं को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे। कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य लीना दिनेश देवांगन, वार्ड पार्षद विद्यावती सिंह, अरुण सिंह, कुमुद बघेल सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत की गई शुरुआत

महापौर अलका बाघमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर प्रारंभ सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत निगम द्वारा जनहित में यह अभिनव पहल शुरू की गई है। सब्जी की टोकरी का उद्देश्य आमजन को उनके आसपास ही ताजी, स्वच्छ, गुणवत्तापूर्ण एवं किफायती दरों पर फल-सब्जियां उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि इस पहल से शहरवासियों को बेहतर गुणवत्ता की ताजी सब्जियां एवं फल आसानी से उपलब्ध होंगे। निकट भविष्य में कीटनाशक एवं रसायन मुक्त फल-सब्जियां उपलब्ध कराने की दिशा में भी प्रयास किए जाएंगे। निगम का उद्देश्य शहरवासियों को सुविधाजनक, स्वच्छ और व्यवस्थित बाजार की सुविधा उपलब्ध कराना है।

महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को ओर कदम

मेयर ने कहा कि सब्जी की टोकरी केवल फल-सब्जी उपलब्ध कराने की पहल नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने का माध्यम भी है। प्रत्येक केंद्र पर दो महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलेगा।उन्होंने कहा कि दुर्ग नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं स्मार्ट बनाने के साथ-साथ नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार नवाचार किए जा रहे हैं। सब्जी की टोकरी भी इसी दिशा में एक जनहितकारी पहल है, जिसका लाभ शहरवासियों को सीधे मिलेगा।

खबर संक्षेप

युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच जारी

अंडा। अंडा थाना क्षेत्र के ग्राम अंडा (गुरुवार बाजार चौक) निवासी नागेश साहू (28), पिता स्व. देवनारायण साहू ने अपने ससुराल में छत के बांस के सहारे रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। 18 सितंबर की सुबह परिजनों को घटना की जानकारी मिली। सूचना पर पहुंची अंडा पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

तीज पर सजा फुलेरा, सुहागिनों ने रखा निर्जला उपवास

निकुम। हरितालिका तीज के पावन अवसर पर निकुम सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में महिलाओं ने अपार श्रद्धा और आस्था के साथ व्रत रखा। सुहागिन महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन करते हुए आकर्षक फुलेरा सजाकर भगवान शिव और माता पार्वती की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने दिनभर निर्जला उपवास रखकर अपने पति की दीर्घायु, पारिवारिक सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर महिलाओं ने फूलों, पत्तियों और रंग-बिरंगी झालरों से फुलेरे को भव्य रूप दिया। पूजन के दौरान तीज माता की कथा सुनकर शिव-पार्वती का स्मरण किया गया।

भाजपा सरकार में 'दीया तले अंधेरा': देवेंद्र देशमुख

निकुम। प्रदेश की ग्राम पंचायतों में बिजली बिल बकाये को लेकर सियासत गरमा गई है। पंचायत भवनों, शासकीय स्कूलों और सरकारी परिसरों के बिजली कनेक्शन काटे जाने के मुद्दे पर पूर्व जनपद अध्यक्ष व दुर्ग ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार 17 सितंबर को 'सेवा और संकल्प दिवस' के नाम पर लाखों दीये जलाकर प्रचार में जुटी है, जबकि जमीनी हकीकत यह है कि पंचायतों में अंधेरा छाया हुआ है। देशमुख ने कहा कि एक तरफ सरकार सुशासन का ढिंढोरा पीट रही है, वहीं दूसरी ओर बुनियादी सुविधाओं के अभाव में ग्रामीण प्रशासन ठप पड़ रहा है। जब पंचायत भवनों में बिजली ही नहीं है तो दीया जलाकर सुशासन का दिखावा करने से गांवों की व्यवस्था रोशन नहीं होगी।

निधन

राधा साहू

उतई। वार्ड क्रमांक 9 मंचादूर निवासी व पूर्व पंच राधा साहू (65 वर्ष) का आकस्मिक निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में शनिवार 19 सितंबर को दोपहर 12 बजे किया जाएगा।। वे रामरतन साहू की पत्नी एवं भाजपा नेता, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मचांदूर के विधायक प्रतिनिधि रोशन साहू की मां थीं।

न्यायालय तहसीलदार पाटन

मामले की श्रेणी: राजस्व

संदर्भ :- जिला - दुर्ग तहसील - पाटन प.ह.न. - 00006 सांकरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. MD20252643030240010 1

//ईश्तहार//

तहसील पाटन के प.ह.न. 00006 के अंतर्गत ग्राम सांकरा के वर्तमान भूमिस्वामी सत्येन्द्र कुमार ठाकुर पिता/पति स्व. त्रयंबकनाथ ठाकुर पता- बैंगलोर कर्नाटका के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 15000/420 (0.0092) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता सुमित ठाकुर पिता/पति- स्व. सत्येन्द्र ठाकुर पता-बेंगलुरु कर्नाटका, सजल ठाकुर पिता/पति-स्व. सत्येन्द्र ठाकुर पता-बेंगलुरु कर्नाटका के नाम पर पंजीयन / फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 05/10/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार पाटन पर की जावेगी । उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 18/09/2026 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार : Mamta Tawari
मुहर
पाटन

सेवा संकल्प दिवस के आयोजन में ग्रामीण क्षेत्रों की रही उत्साहजनक भागीदारी

प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर दीपों से जगमगा उठे गांव

चौक-चौराहे से लेकर स्कूल और पंचायत भवनों में रोशनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

भारत के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस दीप प्रज्वलित कर मनाने में ग्राम पंचायत जामगांव आर के युवा सरपंच रूपेंद्र शुक्ला ने काबिले तारीफ सक्रियता दिखाई। उन्होंने नगर के वरिष्ठ जनों को स्वयं फोन कर आमंत्रित किया। आयोजन में उपसरपंच मुकेश साहू, पूर्व सरपंच कन्हैयालाल साहू, डॉ. धर्मेंद्र निर्मल, अमृत चंद्राकर, कामता प्रसाद साहू, भगवान चंद्राकर, नंदनी साहू, नरेश केला, शैलेन्द्री मंडावी, रोजगार सहायिका साहू, रामकुमार चंद्राकर, सुरेश जैन, अंगेश्वर साहू, नरोत्तम भोला साहू, कोमल साहू, मेघनाथ सागर्वंशी, सीताराम साहू और बौदा यादव आदि ने महती उपस्थिति दर्ज कराई। ग्राम पंचायत, शासकीय प्राथमिक शाला, अटल चौक, किसान चौक, महतारी सदन तथा सेवा सहकारी समिति जामगांव आर में दीप प्रज्वलित कर नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगाए गए। आयोजन में सचिव राहुल साहू, कर्मी शरद साहू और संतोष साहू का सराहनीय सहयोग रहा।

युवाओं की रही बढ़- चढ़कर भागीदारी

पौधारोपण और केक काटकर मनाया जन्मदिन

जामगांव आर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सुरपा में ग्रामीणों ने समाजसेवी प्रमोद जैन और सरपंच चंद्रहास साहू के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला, हाई स्कूल, सहकारी समिति और ग्राम पंचायत सुरपा में दीये जलाए गए, पौधे लगाए गए और केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि देवानंद देवांगन, उपसरपंच तेजराम देवांगन, लोकेश्वर निर्मलकर, डाकेश्वर देवांगन, सचिव अंगारे, भागवत साहू, झमान निर्मलकर, ग्राम प्रमुख पुनाराम सिन्हा सहित स्कूलों के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

सेवा संकल्प कार्यक्रम के तहत जलाया गया आशीर्वाद दीप

जामुल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर लवकुश नगर जामुल (वार्ड नंबर 13) में सेवा संकल्प पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत वार्ड पार्षद कविता विश्वास के नेतृत्व में भाजपा मंडल जामुल में आशीर्वाद दीप जलाया गया। कार्यक्रम में नगरपालिका परिषद जामुल के पूर्व अध्यक्ष व किसान मोर्चा संभाग प्रभारी (रायपुर) रेखराम बन्छोर, जामुल मंडल अध्यक्ष प्रशांत बंटी गुप्ता, महामंत्री ओमप्रकाश साहू, उपाध्यक्ष अरुण यादव, भाजयुमो जामुल अध्यक्ष यशवंत राजपूत, पूर्व पार्षद मेघनाथ साहू, मीडिया प्रभारी संजय यादव, दीपक सिंह, भाजयुमो महामंत्री अनूप राय, देवबिहारी मिश्रा, रामचंद्र साहू सहित वार्ड के युवा, महिलाएं व वरिष्ठ नागरिक शामिल हुए।

सेवा और शुभकामनाओं से जगमगाया गांव

अंडा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर ग्राम तिरगा स्थित सेवा सहकारी समिति में दीप प्रज्वलित कर उनके स्वस्थ, दीर्घायु एवं सफल जीवन की मंगलकामना की गई। कार्यक्रम में सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष देव सिंह ठाकुर, सह प्रबंधक पुकेश्वर दिल्लीवार, कंप्यूटर ऑपरेटर हेमंत दिल्लीवार, तिलक यादव, भूपेंद्र बेलचंदन, टिकेश्वर दिल्लीवार, अध्यक्ष युवराज देशमुख, उपसरपंच सुखित राम ढीमर, महेश कुमार बेलचंदन, पूर्व सरपंच नंदकुमार देशमुख, मनीष बेलचंदन, मोहन देशमुख, विनय ठाकुर, कमल किशोर बेलचंदन, पोषण देशमुख, श्रीराम देशमुख, घनश्याम देशमुख, नम्मू बेलचंदन, भिखम देशमुख, पारस देशमुख सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

शाउमा शाला सांकरा में जला 'आशीर्वाद दीप'

उतई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सांकरा में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की उपस्थिति में 'आशीर्वाद दीप' प्रज्वलित किया गया। कार्यक्रम में सरपंच रवि सिंगौर ने विद्यार्थियों को अनुशासन और राष्ट्रसेवा के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर तिहारु बघेल, पंच संजय सिंगौर, पंच शुभम जांगड़े, कामता सिंगौर, पिंटू यादव, शिक्षक-शिक्षिकाएं और ग्रामीण उपस्थित रहे।

नंदकठी के सेवा सहकारी समिति में प्रज्वलित हुआ आशीर्वाद दीप

नंदकठी। ग्राम नंदकठी के सेवा सहकारी समिति मर्यादित बैंक द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सेवा, संकल्प और समर्पण के उपलक्ष्य में आशीर्वाद दीप प्रज्वलित किया गया। इस अवसर पर सेवा सहकारी समिति नंदकठी के अध्यक्ष प्रेम लाल नायक, समिति प्रबंधक अविनाश बंछोर, मिथलेश कश्यप, टंकेश सुपंथक, भोपाल सुपंथक, चंद्रिका वर्मा, रज्जाक खान, ललित वर्मा, नरसिंह धनकर, महेश पटेल, राम गोपाल तिवारी, ब्रांच मैनेजर मधुकर, पर्यवेक्षक रूपाली, राधेश्याम यादव, अनिल यादव, सोहन वर्मा, मार्कंडेय साहू, पुनित धनकर, ऑपरेटर लक्की बंछोर, हर्ष निषाद, तामेश्वर ठाकुर और किसान सदस्य उपस्थित रहे।

सांकरा में गणेश पंडाल और मंदिर प्रांगण में दीपोत्सव

सांकरा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर ग्राम सांकरा के गणेश पंडाल एवं दाईहान प्रांगण स्थित भगवान श्रीकृष्ण मंदिर में 'आशीर्वाद दीप' प्रज्वलित कर उनके दीर्घायु जीवन की कामना की गई। भाजयुमो अमलेश्वर मंडल अध्यक्ष एवं सरपंच रवि सिंगौर ने प्रधानमंत्री के योगदान को याद करते हुए युवाओं से सामाजिक कार्यों में भाग लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में शुभम जांगड़े, पंच संजय सिंगौर, पंच तिहारु बघेल, कामता सिंगौर, ओमप्रकाश सिंगौर, बूथ अध्यक्ष छोटू यादव, बूथ अध्यक्ष देवरथ सिंगौर, लोकेंद्र सिंगौर, कांता सिंगौर, राजकुमार सिंगौर और संदीप सिंगौर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

ग्रामीण अंचल में भगवान विश्वकर्मा में दिखाई अटूट आस्था

निर्माण कार्य के साथ निभा रहे पूजा की परंपरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

ग्राम अंडा (गांधी नगर) निवासी दुखित राम देशमुख (पिता स्व. बंशीलाल देशमुख) पिछले 32 वर्षों से ठेकेदारी एवं भवन निर्माण कार्य से जुड़े हुए हैं। भगवान विश्वकर्मा के प्रति दुखित राम की अगाध निष्ठा है। वे विगत 32 वर्षों से प्रतिवर्ष 17 सितंबर को अपने निवास पर भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजन करते हैं। सीमित शिक्षा के बावजूद उन्होंने अपनी लगन, कड़ी मेहनत और व्यावहारिक अनुभव के बल पर निर्माण क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। उनके परिवार में एक पुत्र अमर देशमुख (45 वर्ष) तथा चार पुत्रियां हैं, जिनका विवाह हो चुका है। पुत्र अमर देशमुख भी अब इसी व्यवसाय में हाथ बंटा रहे हैं। दुखित राम देशमुख पूजन पश्चात वे अपने सभी श्रमिकों व सहयोगियों के साथ दो दिवसीय धार्मिक व सांस्कृतिक भ्रमण पर जाते हैं, जिसके बाद प्रतिमा का विसर्जन किया जाता है।

भरर स्कूल में मनाई विश्वकर्मा जयंती

जामगांव आर। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भरर की भौतिकी प्रयोगशाला में भगवान विश्वकर्मा की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भगवान विश्वकर्मा एवं प्रयोगशाला के उपकरणों का विधि-विधान से पूजन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया। अंत में प्रसाद वितरण किया गया।

शैलदेवी आईटीआई में की पूजा-अर्चना

अंडा। शैलदेवी प्राइवेट आईटीआई, अंडा में भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना विधि-विधान से की गई। इस अवसर पर संस्थान की मशीनरी, औजारों एवं तकनीकी उपकरणों का पूजन किया गया। कार्यक्रम में संचालक, प्राचार्य, प्रशिक्षण अधिकारी एवं प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। भजन-कीर्तन के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।

धनोरा में भगवान विश्वकर्मा की जयंती मनाई

उतई। धनोरा के सत्तीपारा मंच में भगवान गणेश और विश्वकर्मा जी की मूर्ति पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर पूजा-अर्चना की गई। समाजसेवी मनेश साहू और सरपंच रुलेश्वरी बंजारे ने बताया कि विश्वकर्मा पूजा मशीनरी और निर्माण क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए प्रमुख पर्व है। कार्यक्रम में सचिव डोमेंद्र पटेल, पूर्व जनपद अध्यक्ष चंद्रशेखर बंजारे, पूर्व सरपंच मनीष कुमार साहू, पंच मोतीलाल साहू, चेतन साहू, दिनेश कुमार साहू, देवकुमार बंजारे, रवि साहू और भानुप्रताप साहू सहित अनेक नागरिक उपस्थित थे।

प्रिज्म ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में विश्वकर्मा पूजा

उतई। प्रिज्म ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के आईटीआई विभाग (फिटर एवं इलेक्ट्रिशियन कार्यशाला) में भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना श्रद्धा व भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुई। कार्यक्रम में प्रबंधन, प्राचार्यों, प्रशिक्षण अधिकारियों और प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया तथा संस्थान की प्रगति एवं सुख-समृद्धि की कामना की।

अंचल में गणेशोत्सव की धूम

उतई। बाल गणेश उत्सव समिति हथखोज पारा उतई।

उतई। नव युवक गणेश उत्सव समिति नया पारा उतई।

भगवान विश्वकर्मा जयंती एवं गणेशोत्सव

पाटन। जय बाबा विश्वकर्मा मिस्त्री संघ एवं त्रिदेव स्टार गणेशोत्सव समिति तेलीगुण्डरा द्वारा भगवान विश्वकर्मा जयंती और गणेशोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गुड़ी चौक में प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की गई। मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक साहू और अध्यक्षता कर रहे जनपद सदस्य दिनेश साहू ने भगवान विश्वकर्मा एवं श्री गणेश के महत्व पर प्रकाश डाला। रात्रि में छत्तीसगढ़ी लोककला मंच 'सरगम हंचलपुर' की प्रस्तुति हुई। इस अवसर पर सेक्टर अध्यक्ष मनीष पटेल, सेक्टर अध्यक्ष सागर सिन्हा, सरपंच हुलेश्वरी बीरेंद्र साहू, उपसरपंच चंद्रसेन साहू, रेखराम साहू, दादूराम साहू और अंकित साहू आदि उपस्थित थे।

बिजनेस साइट

अब अतुल ऑटो में विजेता को प्रथम पुरस्कार टू व्हीलर

भिलाई। शहर के व्यापारियों, ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों और यात्रियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। अब भिलाई में भी अतुल ऑटो के आधुनिक और दमदार कमर्शियल वाहन उपलब्ध हो गए हैं। सुपेला रोड स्थित गीता मोटर्स को अतुल ऑटो का अधिकृत विक्रेता बनाया गया है, जहां डीजल, सीएनजी और इलेक्ट्रिक मॉडल्स की विस्तृत रेंज ग्राहकों के लिए पेश की जा रही है। गीता मोटर्स द्वारा लॉन्च किए गए इन वाहनों में इलेक्ट्रिक और पारंपरिक दोनों प्रकार के मॉडल शामिल हैं, जो व्यापार को नई ऊंचाइयां देने में सक्षम बताए जा रहे हैं। कंपनी ने बढ़ती ईंधन कीमतों और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए इलेक्ट्रिक वाहनों पर विशेष फोकस किया है। कंपनी के अनुसार यह वाहन लगभग 207 किलोमीटर तक का इंटरसिटी माइलेज देने में सक्षम है। साथ ही इसकी बैटरी केवल 6 घंटे में 0 से 80 प्रतिशत तक चार्ज हो जाती है। अतुल ऑटो में हर ऑटो की खरीदी पर एलईडी टीवी उपहार स्वरूप दिया जाएगा। वाहन में ड्राइवर और यात्रियों के लिए अधिक स्पेस दिया गया है, जिससे सफर आरामदायक बनता है। गीता मोटर्स में कार्गो और सवारी दोनों प्रकार की गाड़ियां उपलब्ध हैं। इनमें अतुल जेमी, अतुल शक्ति डीजल कार्गो, अतुल रिक प्लस, अतुल स्मार्ट कार्गो सीएनजी और अतुल जेम जैसे मॉडल शामिल हैं। कंपनी ने अपने वाहनों में 435 सीसी एयर कूल इंजन का विकल्प भी उपलब्ध कराया है। साथ ही पुली वाले साधारण इंजन में भी वाहन उपलब्ध होने की जानकारी दी गई है। व्यापार विशेषज्ञों का मानना है कि अतुल के इन वाहनों की उपलब्धता से भिलाई और आसपास के क्षेत्रों में छोटे और मध्यम व्यापारियों को काफी फायदा मिलेगा। इच्छुक ग्राहक गीता मोटर्स, लक्ष्मी मार्केट के सामने, सुपेला रोड, भिलाई में संपर्क कर सकते हैं।

HEALTH TOWN

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
- गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
- एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
- सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
- बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
- आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
- TPA की सुविधा

माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
- मूत्र रोग एवं सर्जरी
- किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
- प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
- यौन संबंधी समस्याएं
- महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं

DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

पाइल्स
क्षार सूत्र विशेषज्ञ, 15000 से ऊपर सफल चिकित्सा, देश-विदेशों में भी प्रचलित।
समय : सुबह 9.30 से रात 8.00 बजे तक
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(25 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
9039050422, 9179455561
सरस्वती दाल मिल के सामने, गली नं. 3, अशोक विहार, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, फाफाडीह मेन रोड, रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

बीएसपी सोसायटी की आमसभा कल

भिलाई। बीएसपी इम्प. को आपरेटिव सोसायटी सेक्टर 1 की वार्षिक आमसभा 20 सितंबर को सुबह 10 बजे मानव आश्रम सेक्टर 1 में आयोजित है। सोसायटी के अध्यक्ष जितेंद्र यादव ने सदस्यों से उपस्थिति की अपील की है।

बीएसपी सतर्कता विभाग ने किया जागरूक

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के सतर्कता विभाग द्वारा जागरुकता अभियान के तहत बिजली संगठन के लिए सतर्कता संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक व अतिरिक्त मुख्य सतर्कता अधिकारी सुनील सिंघल तथा मुख्य महाप्रबंधक टीके कृष्ण कुमार ने की। कार्यक्रम का संचालन उप महाप्रबंधक (सतर्कता) मो. नौशाद आलम एवं उप महाप्रबंधक (सतर्कता) नवनीत शर्मा ने किया। विद्युत संगठन के वरिष्ठ अधिकारियों सहित 25 से अधिक कर्मचारियों ने भाग लिया। क्रय व क्रियान्वयन से संबंधित अनियमितताओं पर विभिन्न केस स्टडी प्रस्तुत की गईं तथा प्रतिभागियों के साथ विचार-मंथन किया गया।

राजभाषा पखवाड़ा का उद्घाटन समारोह

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र, राजभाषा विभाग द्वारा कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) सभागार में राजभाषा पखवाड़ा उद्घाटन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार के मुख्य आतिथ्य और विशिष्ट अतिथि मुख्य महाप्रबंधक प्रशांत ओझा उपस्थित थे। कार्यपालक निदेशक, मुख्य महाप्रबंधक, हिंदी समन्वय अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे। विभाग प्रमुख एवं महाप्रबंधक प्रभारी जनसंपर्क अमूल्य प्रियदर्शी ने पुस्तक भेंटकर अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि इन आयोजनों का उद्देश्य केवल हिंदी के प्रति अपने स्नेह को अभिव्यक्त करना ही नहीं, अपितु अपना समस्त कार्यालयीन कार्य हिंदी में संपादित करने का संकल्प लेना भी है। उप महाप्रबंध राघवेन्द्र कुमार गर्ग ने स्वागत उद्बोधन दिया। सहायक प्रबंधक अनिल कुमार अग्रवाल, अनुभाग अधिकारी ग्लोरी एस पारकर व इंजीनियरिंग एसोसिएट ओमवीर करन ने काव्यपाठ किया।

वर्ल्ड सर्कुलर इकोनॉमी फोरम में बीएसपी की सहभागिता

भिलाई। बीएसपी ने गुजरात के गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर कन्वेंशन एवं एक्जीबिशन सेंटर में आयोजित वर्ल्ड सर्कुलर इकोनॉमी फोरम में सर्कुलर इकोनॉमी पहलों का प्रदर्शन किया। उदघाटन मुख्यमंत्री ने किया। प्रदर्शनी में बीएसपी ने अपने स्टाल में पर्यावरणीय एवं सर्कुलर इकोनॉमी से जुड़े कार्यों को प्रदर्शित किया। इसके तहत संसाधनों के बेहतर उपयोग, अपशिष्ट में कमी, पुनः उपयोग एवं पुनर्चक्रण से संबंधित विभिन्न पहलों को दर्शाया गया।

सीएसवीटीयू में विश्वविद्यालय खेल समिति बनी, तीन साल तक रहेगा कार्यकाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय (सीएसवीटीयू) भिलाई द्वारा तकनीकी कॉलेजों की खेल प्रतियोगिताओं को लेकर एक समिति बनाई है। यह समिति विश्वविद्यालय परिनियम की धारा 26 के प्रावधानों के अंतर्गत सत्र 2026-27 के लिए खेल गतिविधियों हेतु नई विश्वविद्यालय खेल समिति का गठन किया गया है। समिति का गठन 16 सितंबर 2026 को जारी अधिसूचना के माध्यम से किया गया। खास बात यह है कि पदेन सदस्यों को छोड़कर अन्य सदस्यों का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा और वे दूसरे कार्यकाल के लिए पात्र नहीं होंगे। कप्तान वर्ग का कार्यकाल एक वर्ष का रहेगा। खेलकूद गतिविधियों एवं वित्तीय अनुशासन के लिए पृथक से 3 से 5 उपसमितियों के गठन का भी प्रावधान है।

कुलपति पदेन अध्यक्ष, पूर्व क्रिकेटर राजेश चौहान सहित अन्य को मिली जगह

समिति के पदेन अध्यक्ष कुलपति डॉ. अरोरा बने

समिति के पदेन अध्यक्ष कुलपति डॉ. अरुण अरोरा बनाए गए हैं। समिति में संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य, विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के प्रोफेसर एवं सहायक प्रोफेसर, संबद्ध महाविद्यालयों के शिक्षक, कार्यपरिषद द्वारा नियुक्त खेल क्षेत्र से जुड़े व्यक्ति, खेल विशेषज्ञ तथा शारीरिक प्रशिक्षण प्रशिक्षकों को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। समिति में बीआईटी दुर्ग के प्राचार्य डॉ. अनुप मिश्रा एवं शास.कन्या पॉलीटेक्निक रायपुर की प्राचार्य डॉ. वर्षा चौरसिया को संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य वर्ग से सदस्य बनाया गया है। विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग से सहायक प्राध्यापक - डॉ. हरीश घृतलहरे, विवेक मिश्रा एवं डॉ. आर.जी. ब्रजेश सदस्य हैं। वहीं संबद्ध महाविद्यालयों से विजय शुक्ला, के.पी. यादव एवं सोमेश यादव को सदस्य बनाया गया है।

कार्यपरिषद में पूर्व क्रिकेटर राजेश चौहान, हॉकी की रेणुका शामिल

कार्यपरिषद द्वारा नियुक्त सदस्यों में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सदस्य राजेश चौहान, भारतीय हॉकी टीम की पूर्व सदस्य सुश्री रेणुका यादव एवं वॉलीबॉल के पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी ख्वाजा अहमद शामिल हैं। खेल विशेषज्ञ वर्ग में डॉ. मेजर सिंह मनसा पॉलीटेक्निक भिलाई एवं ओंकार जैसवाल एलसीआईटी बिलासपुर तथा शारीरिक प्रशिक्षण प्रशिक्षक वर्ग में कोंडल राव बीआईटी दुर्ग एवं पुरूषोत्तम रात्रे आरआईटी रायपुर को सदस्य बनाया गया है।

यूनिवर्सिटी कप्तान वर्ग में किरात कौर

विश्वविद्यालय टीम के कप्तान वर्ग से किरात कौर आरसीईटी आर 1 भिलाई (गतका महिला वर्ग अखिल भारतीय अंतर विवि प्रतियोगिता 2025-26 में कांस्य पदक विजेता) एवं रुपाली साहू एलसीआईटी बिलासपुर (किक बॉक्सिंग महिला वर्ग अखिल भारतीय अंतर विवि प्रतियोगिता 2024-25 में कांस्य पदक विजेता) को समिति में सदस्य बनाया गया है। वहीं कुलसचिव डॉ. राजेश लालवानी पदेन सदस्य सचिव तथा विश्वविद्यालय खेल विभाग के भारसाधक किशोर कुमार भारद्वाज समिति के पदेन सदस्य होंगे। विश्वविद्यालय की इस नई खेल समिति से सत्र 2026-27 में खेल गतिविधियों के अधिक व्यवस्थित संचालन तथा विश्वविद्यालय की खेल टीमों की तैयारियों को संस्थागत रूप से मजबूती मिलने की उम्मीद है।

दर्जनभर कॉलोनियों और कई गांवों का प्रमुख संपर्क मार्ग बदहाल

30 साल बाद भी नहीं बनी मरोदा-लोक नगर सड़क, बारिश में पैदल चलना भी मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

स्कूली बच्चे और रोजाना आने-जाने वाले लोग सबसे अधिक प्रभावित

विकास और स्मार्ट सिटी की चर्चाओं के बीच भिलाई क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग पिछले लगभग 30 वर्षों से उपेक्षा का शिकार बना हुआ है। मरोदा से लोक नगर कॉलोनी उमरपोटी तक जाने वाला मार्ग आज भी कच्चे और मुरूमयुक्त स्वरूप में है। लगातार बारिश के कारण सड़क की स्थिति इतनी खराब हो गई है कि यहां पैदल चलना भी चुनौती बन गया है। जगह-जगह बने गहरे गड्ढों और कीचड़ ने इस मार्ग को दुर्घटना संभावित क्षेत्र में बदल दिया है। तीन दशक से सड़क का इंतजार कर रहे क्षेत्र के लोगों की नजरें अब प्रशासन, सांसद और विधायक पर टिकी हैं। सवाल यह है कि आखिर हजारों लोगों की परेशानी का समाधान कब होगा और क्षेत्र को कब एक सुरक्षित तथा सुगम सड़क मिल पाएगी।

इन दर्जनभर कालोनीवासियों व ग्रामीणों को हो रही परेशानी

यह सड़क केवल एक कॉलोनी का रास्ता नहीं, बल्कि लोक नगर, चन्द्र नगर, वेदांत नगर, न्यू नेहरू नगर सहित दर्जनभर कॉलोनियों की जीवनरेखा है। इसके अलावा उमरपोटी, पुरई, बोरीडीह, पाउवारा, जंजगिरी और अंडा जैसे गांवों के हजारों लोग प्रतिदिन इसी मार्ग से भिलाई आते-जाते हैं। रोजगार, व्यापार, शिक्षा और दैनिक जरूरतों के लिए यह मार्ग क्षेत्र के लोगों का प्रमुख आवागमन साधन बना हुआ है।

सबसे ज्यादा परेशान स्कूली बच्चे

सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को उठानी पड़ रही है। कॉलोनियों और मरोदा क्षेत्र से बड़ी संख्या में बच्चे चन्द्र नगर स्थित स्कूलों में पढ़ने आते हैं। बारिश के दिनों में सड़क पर बने गड्ढों में पानी भर जाने से साइकिल चलाना लगभग असंभव हो जाता है। कई स्थानों पर साइकिल के पहिए गड्ढों में फंस जाते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्थिति यह है कि अनेक पालकों को अपने बच्चों के स्कूल बैग अलग से साइकिल में लेकर चलना पड़ रहा है, जबकि छोटे बच्चे पैदल स्कूल आने-जाने को मजबूर हैं।

बच्चों के पालक हैं परेशान

अभिभावकों ने बताया कि हर दिन यह चिंता बनी रहती है कि कहीं कोई बच्चा फिसलकर घायल न हो जाए। सुबह और दोपहर के समय सड़क पर बच्चों की लंबी कतारें पैदल चलते देखी जा सकती हैं। स्थानीय निवासियों ने बताया कि इस मार्ग के निर्माण की मांग वर्षों से की जा रही है। क्षेत्र की जनसंख्या लगातार बढ़ी है, नई कॉलोनियां बस गई हैं, लेकिन सड़क की स्थिति जस की तस बनी हुई है। लोगों का कहना है कि चुनाव के दौरान जनप्रतिनिधि सड़क निर्माण का आश्वासन देते हैं, लेकिन चुनाव समाप्त होते ही मामला फिर ठंडे बस्ते में चला जाता है।

पिछली सरकार के कार्यकाल में प्रस्ताव लेकिन स्थिति जस की तस

स्थानीय नागरिक बताते हैं कि पिछली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में इस मार्ग पर पक्की सड़क निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया गया था। इसके लिए राशि भी स्वीकृत होने की जानकारी सामने आई थी। हालांकि टेंडर प्रक्रिया को लेकर विवाद की स्थिति बन गई और परियोजना आगे नहीं बढ़ सकी। परिणामस्वरूप क्षेत्र के हजारों लोगों को आज भी बदहाल सड़क का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।

सांसद ,विधायक और जनप्रतिनिधि भी नहीं कर रहे पहल

नागरिकों का कहना है कि सड़क निर्माण की जिम्मेदारी केवल किसी एक विभाग या संस्था की नहीं है। क्षेत्र के सांसद, विधायक तथा संबंधित जनप्रतिनिधियों को भी इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए पहल करनी चाहिए। लोगों का तर्क है कि जब यह मार्ग हजारों नागरिकों, विद्यार्थियों और ग्रामीणों की रोजमर्रा की जरूरतों से जुड़ा है, तब इसके निर्माण को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। रात के समय पूरा अंधेरा छाया रहता है। इसलिए यहां पर दुर्घटना का खतरा और बढ़ जाता है। स्थानीय लोगों ने कई बार प्रशासन और जनप्रतिनिधियों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान सामने नहीं आया है। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि मरोदा से लोक नगर होते हुए उमरपोटी तक के इस महत्वपूर्ण मार्ग का सर्वे कराकर शीघ्र पक्की सड़क निर्माण की स्वीकृति दी जाए।

लोकल ट्रेनों का ठहराव यथावत रखने पूर्व सीएम से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

रेलवे ने यात्री लोकल ट्रेनों का ठहराव स्थायी रूप से देवबलौदा, जी. केबिन, चरोदा, सी केबिन में बंद कर दिया है। इससे इस क्षेत्र के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसे लेकर भिलाई तीन निवासी कुछ लोगों का दल पूर्व सीएम भूपेश बघेल से मिला। इस दौरान प्रदेश महासचिव असंगठित कामगार, कर्मचारी कांग्रेस व जिला महामंत्री दुर्ग ग्रामीण कांग्रेस राम सूर्यवंशी ने पूर्व सीएम कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों से 500 -700 लोग प्रतिदिन लोकल ट्रेन से सफर करते हैं।

- प्रतिदिन 700 यात्री करते है यात्रा
- ग्रामीणों को हो रही है दिक्कत

देवबलौदा, जी. केबिन, चरोदा में लोकल ट्रेन का ठहराव न होने से यहां के लोगों को परेशानी हो रही है। उनसके साथ पहुंचे लोगों ने बताया गया कि कुछ समय से सी केबिन व डी केबिन में लोकल नहीं रुक रही है।

लोगों ने लोकल ट्रेनों के ठहराव को पुनः यथावत करने के लिए रेलवे प्रबंधन से बात करने का निवेदन कर उनकी समस्या का निराकरण करने की मांग की। पूर्व सीएम बघेल ने लोगों को आश्वासन दिया गया कि जल्द रेलवे प्रबंधन से बातचीत कर लोगों की समस्या का निदान करने करने का प्रयास करेंगें। इस दौरान महापौर निर्मल कोसरे, प्रदेश उपाध्यक्ष केकेसी सनातन, जिला दुर्ग ग्रामीण अध्यक्ष केकेसी राहुल वर्मा, प्रेम मिश्रा, ऋषभ तिवारी, एन शेखर राव, एन कोदंड रामू समेत ग्रामीणजन पहुंचे थे।

विश्व ओजोन दिवस पर बीएसपी में पर्यावरण संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। निदेशक प्रभारी, कार्यपालक निदेशक (वर्क्स), मुख्य महाप्रबंधकों सहित संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारियों ने सहभागिता की। ओजोन परत के क्षरण से उत्पन्न पर्यावरणीय चुनौती से निपटने के लिए विश्व समुदाय द्वारा किए गए समन्वित प्रयासों की महत्ता पर जोर दिया गया।

श्री महापात्र ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण किसी एक विभाग अथवा कार्यक्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि संगठन के प्रत्येक स्तर पर इसके प्रति जागरूकता एवं सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने दैनिक कार्यप्रणाली में सतत विकास की अवधारणा को समाहित करने तथा पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए निरंतर प्रयास एवं नवाचार पर बल दिया। कार्यपालक निदेशक

- बैनर पोस्टर किए प्रदर्शित

राकेश कुमार ने उत्पादन एवं परिचालन दक्षता के साथ पर्यावरणीय प्रदर्शन पर भी निरंतर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

महाप्रबंधक के. प्रवीण ने ओजोन परत के क्षरण के वैज्ञानिक पहलुओं की जानकारी साझा की। इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं प्रबंधन के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी गई। विश्व ओजोन दिवस पर संयंत्र एवं टाउनशिप के विभिन्न स्थानों पर ओजोन परत के संरक्षण एवं विश्व ओजोन दिवस की महत्ता से संबंधित पोस्टर एवं बैनर प्रदर्शित किए गए।

पुतला दहन के समय आरक्षक का हाथ झुलसा

भिलाई। सुपेला घड़ी चौक पर गुरुवार शाम कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच पुतला को लेकर झूमा-झटकी हो गई। जलते पुतले की चपेट में सुपेला थाने में पदस्थ आरक्षक के दाहिने हाथ की भुजा झुलस गई। आरक्षक

को उपचार के लिए निजी अस्पताल में चल रहा है। घटना के बाद आरक्षक की शिकायत पर पुलिस ने पुतला दहन में शामिल कांग्रेस के अज्ञात कार्यकर्ताओं के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस घटने का वीडियो फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों की मदद से आरोपियों का शिनाख्त में जुटी हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सुपेला घड़ी चौक पर धरना-प्रदर्शन और रैली का आयोजन किया था। यह प्रदर्शन यूपीआई पर टैक्स लागू करने के विरोध में था। प्रदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया गया। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुपेला पुलिस और दुर्ग रक्षित केंद्र से पुलिस बल तैनात किया गया था। आरक्षक निगरानी के लिए ड्यूटी पर सिविल कपड़ों में तैनात था। पुलिसकर्मी प्रदर्शनकारियों के जलते पुतले को बुझाने का प्रयास कर रहा था। पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का-मुक्की, झूमा-झटकी तक शुरू हो गई। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों और राहगीरों ने घटना को देखा है। आरक्षक ने शिकायत में आरोप लगाया है कि पुतला दहन कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक राय होकर पुलिस के साथ झूमाझटकी और ड्यूटी में बाधा डाली।

टाउनशिप के आधा दर्जन साप्ताहिक बाजारों में बदइंतजामी का खामियाजा भुगत रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

टाउनशिप के विभिन्न सेक्टरों में स्थित आधा दर्जन से अधिक साप्ताहिक बाजारों में बदइंतजामी का खामियाजा हजारों लोगों और व्यवसायियों को भुगतना पड़ रहा है। बरसात क मौसम ने उनकी मुश्किलें बढ़ा दी हैं। बाजारों को व्यवस्थित कर मूलभूत सुविधाएं

- पसरा दुकानों के लिए चबूतरे निर्माण की योजना ठंडे बस्ते में

उपलब्ध कराने की नगर निगम की योजना ठंडे बस्ते में है। व्यवसायियों ने बाजारों को जल्द विकसित किए जाने की मांग की है।

टाउनशिप के कई सेक्टरों में स्थित साप्ताहिक सब्जी बाजारों में बारिश के मौसम के दौरान व्यवसाय के साथ खरीदारी भारी पड़ रही है। खुले मैदानों में अलग अगल दिन लगने वाले बाजारों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की योजना बारह साल पूर्व नगर निगम भिलाई द्वारा बनाई गई थी। इसके तहत सभी मार्केट में पसरा वालों के लिए चबूतरों का निर्माण, प्रकाश व प्रसाधन व्यवस्था, मुरमीकरण के साथ आवारा मवेशियों का प्रवेश रोकने बाजार के दिन फेंसिंग आदि इंतजाम किए जाने की योजना बनाई गई थी। लेकिन सालों बाद भी अमल नहीं किए जाने से लोगों को कई तरह का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में बाजार में जलजमाव व कीचड़ के कारण सब्जी खरीदने आए लोगों को परेशानी हो रही है। पसरा वालो के लिए चबूतरों का निर्माण नहीं होने से साग सब्जियां भी पानी में खराब हो रही हैं।

क्षेत्रवासियों ने बताया कीचड़ में कई लोग फिसल कर गिरते रहते हैं। लाइट गुल हो जाने से या जनरेटर खराब हो जाने की स्थिति में अंधेरे से परेशानी बढ़ जाती है।

आवारा मवेशियों का उत्पात

बरसात के मौसम में जलजमाव की समस्या के अलावा यहां आवारा मवेशियों की सदाबहार समस्या है। सेक्टर 7 सब्जी बाजार, सेक्टर 1 बाजार, बोरिया मार्केट सेक्टर 4, रुआबांधा मार्केट, हुडको बाजार आदि सभी साप्ताहिक मार्केटों में आवारा सांड, गाय और बछड़े का जमावड़ा लगा रहता है। इन जानवरों से खरीदी करने वालों और व्यवसायियों दोनों को चोटिल होने का खतरा बना रहता है। व्यवसायियों ने बताया कि कई लोग मरखुंडे सांडों से घायल हो चुके हैं। जानवर पसरा दुकानों की सब्जियों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। आवारा मवेशियों की तरह आवारा कुत्तों का भी आंतक बाजारों में हैं । कुत्ते झुंड में होती हैं और कई लोगों को काट चुके हैं। इस मामले में नगर निगम और बीएसपी दोनों ही उदासीन बने हुए हैं।

सर्वे कार्य के लिए दिए निर्देश

कर वसूली में लापरवाही पर आयुक्त सुरुचि ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई में कर वसूली कार्य को प्रभावी एवं लक्ष्य के अनुरूप संचालित करने के उद्देश्य से निगम आयुक्त सुरुचि सिंह ने सभागार कक्ष में संबंधित अधिकारियों एवं वसूली एजेंसी के साथ बैठक आयोजित की। बैठक में कर वसूली की प्रगति, डोर-टू-डोर सर्वे, ड्रोन सर्वे सहित निगम के मैदानी कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई।

आयुक्त ने वसूली एजेंसी एसपीएस द्वारा किए जा रहे कर वसूली कार्यों की गहन समीक्षा की। अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए एजेंसी को वसूली कार्य में गंभीरता एवं तेजी लाने तथा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में डोर-टू-डोर सर्वे कार्य की भी समीक्षा की गई। आयुक्त ने संबंधित टीम को सर्वे कार्य में गंभीरता बरतते हुए प्रत्येक क्षेत्र में व्यवस्थित एवं प्रभावी सर्वे करने के निर्देश दिए। वहीं आईआईटी टीम द्वारा किए जा रहे ड्रोन सर्वे कार्य को भी शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए।

मैदानी कार्यों की प्रभावी मानिटिरिंग के लिए जीपीएस सिस्टम

निगम के मैदानी कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए वाहनों में जीपीएस सिस्टम लगाया जाएगा, जिससे वाहनों की लोकेशन एवं उनके संचालन की नियमित निगरानी की जा सकेगी। इसके साथ ही प्लेसमेंट कर्मचारियों की उपस्थिति एवं कार्यों की मॉनिटरिंग के लिए बायोमेट्रिक प्रणाली लागू की जा रही है। इससे कर्मचारियों की उपस्थिति एवं मैदानी कार्यों की निगरानी को अधिक पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाया जा सकेगा।

जोन आयुक्तों को दी विशेष जिम्मेदारी

आयुक्त ने जोन आयुक्तों एवं सहायक राजस्व अधिकारियों को विशेष जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए अपने-अपने क्षेत्रों में कर वसूली, सर्वे तथा अन्य मैदानी कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को कार्यों की निरंतर समीक्षा करते हुए आवश्यक सुधार एवं कार्रवाई सुनिश्चित करने कहा। बैठक में अपर आयुक्त राजेंद्र कुमार दोहरे, उपायुक्त डी.के. कोसरिया, जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, कुलदीप गुप्ता, कार्यपालन अभियंता सुनील जैन, लेखाधिकारी चंद्रभूषण साहू तथा राजस्व अधिकारी जे.पी. तिवारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

हरिभूमि लाइव

रायपुर, शनिवार 19 सितंबर 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

02 दीपों की रोशनी में गूंजा सेवा...

श्री श्री गणेश उत्सव समिति सेक्टर 1 सी मार्केट

लाल मैदान गणेश उत्सव समिति छावनी थाना के पास

रिसाली में बच्चों ने घर पर की पूजा

उमरपोटी में नन्हीं बच्ची ने की पूजा

● मराठी परिवारों के घरों में महालक्ष्मी की धन और सौभाग्य के लिए पीढ़ी दर पीढ़ी होती है पूजा

मायके में महालक्ष्मी को पारंपरिक व्यंजनों और आंम्बिल का लगाया भोग, दमक उठा हर आंगन, आज होगी विदाई

इन दिनों गणेशोत्सव के साथ ही महाराष्ट्रीयन समाज द्वारा महालक्ष्मी उत्सव भी मनाया जा रहा है। भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी से शुरू तीन दिवसीय महालक्ष्मी उत्सव गुरुवार से शुरू हुआ। महालक्ष्मी आली घरात सोन्याच्या पायानी, भर भराटी घेऊन आली, सर्वसमृद्धि घेऊन आली के जयघोष के साथ मराठी परिवारों ने सुख-समृद्धि की देवी मां महालक्ष्मी का अपने घरों में आगमन कराया। आकर्षक झांकी सजाकर मंदिरों व घरों में ज्येष्ठा और कनिष्ठा महालक्ष्मी की स्थापना की गई।

भिलाई। तीन दिवसीय उत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को बेटियों के रुप में अपने मायके आई महालक्ष्मी को उनका प्रिय आंम्बिल, कथली, पूरनपोली, गुझियां, कढ़ी सहित सभी महाराष्ट्रीयन व्यंजनों का महाभोग लगाकर दूसरे दिन का उत्सव मनाया गया। आज शनिवार को दिन ढलने से पहले माता महालक्ष्मी की ओली भरकर विदाई की जाएगी।

लगाया गया आंबिल और कथली का भोग

वैशाली नगर निवासी मोनिका मोदी ने बताया कि परंपरानुसार महालक्ष्मी की पूजा मराठी परिवारों में की जाती है। जिसमें अपने मायके आयी महालक्ष्मी ज्येष्ठा और कनिष्ठा को उनका प्रिय विशेष प्रसाद आंबिल और कथली सहित विभिन्न पकवानों का भोग लगाया गया। महालक्ष्मी का प्रिय व्यंजन आंबिल ज्वार को दरदरा पीसकर छाछ तैयार की जाती है, इसे विशेष प्रसाद माना गया है। इसी प्रकार पूरणपोली, 16 प्रकार की सब्जियां सहित विभिन्न पकवानों का भी भोग महालक्ष्मी को लगाया गया और परिवार सहित आसपड़ोस के लोगो को प्रसाद वितरित किया जाता है। इस भोग और प्रसाद को पूजा वाले घर में ही खाने का रिवाज है। इस भोग को घर ले जाने नही दिया जाता। इस तीन दिवसीय पूजा में शुद्धता और स्वच्छता का बारिकी से ध्यान रखना पड़ता है।

हल्दी-कुमकुम और दान देकर आज होगी विदाई

कैलाश नगर निवासी अर्पणा चांभारे ने बताया कि शनिवार को यानी आज पूजा दर्शन और भोग के बाद शाम होने से पहले महालक्ष्मी की विदाई बेटी के रुप में माता को हल्दी-कुमकुम कर हाथ में गुझिया, फल, चावल और मेवे देकर ओली भरकर परंपरानुसार की जाएगी।

कई पीढ़िया तक चलती है एक ही प्रतिमा

वैशाली नगर निवासी संगीता कोसे, उज्वला और माया ने बताया कि महालक्ष्मी की स्थापना और पूजा अर्चना के बाद प्रतिमा का विसर्जन नहीं किया जाता, बल्कि एक ही प्रतिमा कई पीढ़ियों तक चलती है। प्रतिमा के मुखौटे अलग से रहते हैं। जब स्थापना की जाती है, तो मुखौटे निकाले जाते हैं, और लोहे की पायली (ढांचे) पर कपड़े से बने हाथ लगाकर, साड़ी पहनाकर उनका श्रृंगार किया जाता है। इस तरह ढाई दिन तक पूजा अर्चना करने के बाद विदाई के दौरान फिर से मुखौटे निकालकर सुरक्षित संदूक में रख दिए जाते हैं।

हरिभूमि कार्यालय में गूंजा गणपति बप्पा मोरिया

भिलाई। गणेश चतुर्थी के पांचवे दिन शुक्रवार को हरिभूमि कार्यालय में भक्तिमय वातावरण के बीच भगवान श्री गणेश की आरती का आयोजन किया गया। शाम को और आयोजित आरती में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों तथा हरिभूमि अखबार के स्टाफ ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस दौरान पूरा कार्यालय परिसर गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंज उठा। हरिभूमि कार्यालय में स्थापित भगवान श्री गणेश की प्रतिमा के समक्ष विधि-विधान से पूजा-अर्चना पं बलदाऊ पांडे द्वारा संपन्न कराई गई। इसके बाद सभी स्टॉफ और श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश की सामूहिक आरती की। आरती के दौरान उपस्थित लोगों ने सुख-समृद्धि, शांति और सभी के मंगल की कामना की।

शाम की आरती में श्री राम जन्मोंत्सव समिति भिलाई युवा विंग अध्यक्ष और भाजपा के पूर्व प्रदेश कार्य समिति सदस्य मनीष पांडे, गोल्डी सोनी सहित अन्य अतिथि शामिल हुए। हरिभूमि कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी और स्टाफ भी बड़ी संख्या में आरती में मौजूद थे। पूजा-अर्चना और आरती के बाद उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। सभी ने एक-दूसरे को गणेश उत्सव की शुभकामनाएं दीं।

आयुर्वेद अन्य चिकित्सा प्रणालियों से ज्यादा प्रभावी, निःशुल्क चिकित्सा शिविर में हुई जांच

भिलाई। विश्वकर्मा पूजा पर सेक्टर-2 भिलाई मे आयोजित विश्वकर्मा समाज सम्मेलन के दौरान भारती आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, दुर्ग द्वारा निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा एवं औषधि वितरण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 150 से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें चिकित्सकीय परामर्श एवं निःशुल्क आयुर्वेदिक औषधियां प्रदान की गईं।

शिविर में विशेष रूप से स्त्री रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, कमर एवं घुटनों के दर्द, बवासीर, फिस्टुला, प्लांटर फैसियाइटिस जैसे आयुर्वेद अन्य चिकित्सा प्रणालियो से ज्यादा प्रभावी निदान प्रदान करता है उन पीड़ित मरीजों की जांच कर चिकित्सा परामर्श दिया गया।

शिविर के आयोजन में कालेज के प्राचार्य डॉ मानस रंजन होता, उप प्राचार्य डॉ अमिया भोसले, अस्पताल अधीक्षक डॉ राकेश कुमार, विशेषज्ञ डॉ. अशोक विश्वकर्मा, डॉ. संजय, डॉ. अकलेश, डॉ. सारिका, डॉ. शिवानी एवं डॉ. दीपेश सहित मरीजों की सहायता में इंटर्न डॉक्टर्स ने सक्रिय सहयोग दिया।

लाइव इवेंट

भजनों की सुरीली संध्या में झूमे श्रोता

दुर्ग। पद्मनाभपुर स्थित आशीर्वाद भवन सभागार में संस्कार भारती दुर्ग जिला इकाई एवं ज्येष्ठ नागरिक संघ, दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव का आयोजन कृष्ण भजनों की सुरीली संध्या के रूप में किया गया। अंचल के प्रख्यात भजन गायक प्रभंजय चतुर्वेदी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। भजनों की मधुर प्रस्तुतियों ने सभागार में भक्ति और संगीत का ऐसा वातावरण बनाया कि श्रोता देर तक झूमते रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके बाद संस्था के ध्येय गीत की प्रस्तुति दी गई। प्रांताध्यक्ष रिखी क्षत्रिय, अध्यक्ष सी.एस. पांडेय एवं विशिष्ट अतिथि साहिब सिंह ने अपने आशीर्वचन दिए। संगीत संध्या में अंकिता फाटक हरकरे, नचिकेत हरकरे, गौतम शील, जय रंजन गंगेले और प्रभंजय चतुर्वेदी ने कृष्ण भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों के साथ कीर्ति माधव व्यास के वायलिन और भालचंद्र शेगेकर की तबला संगति ने संगीत की खूबसूरती को और बढ़ाया। प्रस्तुतियों पर श्रोताओं ने तालियों के साथ उत्साह बढ़ाया और कई लोग भक्ति संगीत में झूमते नजर आए। मंच के सामने माधवी गूजर द्वारा बनाई गई आकर्षक रंगोली ने भी सभी का ध्यान खींचा। आयोजन की व्यवस्था में देवयानी व्यास, गीता दीक्षित, विकास पांडे, देवेंद्र श्रीवास्तव और महेश्वर नायडू की टोली का योगदान सराहनीय रहा। कार्यक्रम का संचालन डा. ज्योति धारकर ने किया, जबकि संजय तनखीवाले ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अजय डांगे, आचार्य महेश चंद्र शर्मा, अनूप जोशी, अनिल जोशी, राम पाटनकर, भालचंद्र पाटनकर, शोभना व्यास, गोविन्द फाटक, संजय अग्रवाल, राजेश धारकर, मिलिन्द गूजर, वर्षा पांडे और मंगेश भेलोंडे सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

पद्मनाभपुर में गूंज रहा गणपति बप्पा मोरया, रामेश्वरम तीर्थ की भव्य झांकी बनी आकर्षण का केंद्र

कार्नर न्यूज

पद्मनाभपुर गणेश पंडाल में हर दिन बंटे रहे 1008 रूद्राक्ष, भक्तों की उमड़ रही भीड़, महाकाल की भस्म आरती में शामिल होने का मिल रहा पुण्य लाभ

दुर्ग। पद्मनाभपुर मिनी स्टेडियम में इन दिनों गणेश उत्सव की भव्यता देखते ही बन रही है। श्री दक्षिण कौशल गणेश उत्सव समिति द्वारा लगातार दूसरे वर्ष आयोजित गणेशोत्सव में रामेश्वरम तीर्थ की भव्य झांकी पर आधारित आकर्षक पंडाल में भगवान गणेश की प्रतिमा विराजमान की गई है। पंडाल में निर्मित मनमोहक झांकियां श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। उत्सव के पहले दिन से ही पंडाल में भगवान गणेश के दर्शन और झांकियों के अवलोकन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। आयोजन की विशेषता है कि श्रद्धालुओं को प्रतिदिन महाकाल की भस्म आरती में शामिल होने का पुण्य लाभ प्राप्त हो रहा है। वहीं 1008 रुद्राक्ष के निःशुल्क वितरण को लेकर भी श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है। रुद्राक्ष प्राप्त करने के लिए प्रतिदिन पंडाल में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग रही हैं।

रामेश्वरम के 22 तीर्थकुंड के कर रहे दर्शन,

रामेश्वरम तीर्थ की झांकी में धनुषकोडी का दिव्य दृश्य, रामसेतु के जीवंत दर्शन, श्रीलंका द्वीप का प्रतीकात्मक स्वरूप, रामेश्वरम के 22 तीर्थकुंड के दर्शन, अग्नि तीर्थम एवं विश्व प्रसिद्ध 1008 स्तंभ वाले

मंदिर परिसर का भव्य प्रतिरूप श्रद्धालुओं को काफी लुभा रहे हैं। इन झांकियों के माध्यम से श्रद्धालुओं को रामेश्वरम तीर्थ की धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत का अद्भुत दर्शन हो रहे है।

जल संरक्षण और साइबर सुरक्षा का संदेश भी

गणेश उत्सव को केवल धार्मिक आयोजन तक सीमित न रखते हुए समिति द्वारा सामाजिक सरोकारों को भी प्रमुखता दी गई है। यूनेस्को विश्व धरोहर की अवधारणा से प्रेरित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी, महिला सशक्तिकरण, नशामुक्ति के लिए जन जागरूकता चलचित्र, स्वच्छता एवं जल संरक्षण का संदेश तथा साइबर क्राइम से बचाव को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस अभिनव पहल से समिति द्वारा श्रद्धालुओं और नागरिकों को धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति भी जागरूक किया जा रहा है। गणेश पंडाल में



मनोकामना पेड़ श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षिक कर रही है। यहां श्रद्धालु प्रतीकात्मक पेड़ के पत्ते में अपनी मनोकामना लिखकर चस्पा कर रहे है। इस मनोकामना पेड़ में पत्ता चस्पा करने श्रद्धालु काफी उत्साह दिखा रहे है। पंडाल की भव्य सजावट श्रद्धालुओं के लिए व्यापक व्यवस्था, धार्मिक झांकियों और विभिन्न सामाजिक संदेशों के चलते पदमनाभपुर मिनी स्टेडियम का गणेश उत्सव शहरवासियों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। शाम होते ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु परिवार सहित पहुंचकर गणपति बप्पा के दर्शन कर रहे हैं और भव्य झांकियों का अवलोकन कर रहे हैं।

सिटी इवेंट

बंगाली समाज ने मनाई विश्वकर्मा जयंती प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना

भिलाई। दुर्ग जिले में जहां अधिकांश स्थानों पर 17 सितंबर को भगवान विश्वकर्मा जयंती मनाई गई, वहीं बंगाली समुदाय ने अपनी पारंपरिक पंचांग गणना के अनुसार 18 सितंबर को विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया। बंगाली समाज से जुड़े लोगों ने विभिन्न स्थानों पर भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और जिले व प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। लाइट इंडस्ट्रियल एरिया स्थित परफेक्ट इंस्पेक्शन सर्विसेज में समाज के पूर्व अध्यक्ष डीके दत्त ने बताया कि इस वर्ष विश्वकर्मा पूजा की तारीख को लेकर एक दिन का अंतर रहा। देश के अधिकांश हिस्सों में पूजा आयोजित की गई, जबकि पश्चिम बंगाल और बंगाली समुदाय की पारंपरिक पंचांग गणना के अनुसार विश्वकर्मा पूजा मनाई गई। उन्होंने बताया कि विश्वकर्मा पूजा की तिथि सूर्य की कन्या संक्रांति और क्षेत्रीय पंचांग की गणना से निर्धारित होती है। बंगाली सौर पंचांग में भाद्र संक्रांति यानी भाद्र मास के अंतिम दिन का विशेष महत्व है। वैशाली नगर, राधिका नगर, रिसाली और टंकी मरोदा क्षेत्र से बड़ी संख्या में बंगाली समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल हुए। इस अवसर पर डीके दत्ता, भिलाई बंगाली समाज अध्यक्ष सुप्रभात पाल, बिमान दास गोरा, सुबीर भट्टाचार्य, राजदीप सेन, मीडिया प्रभारी सुवांकर रॉय सहित परफेक्ट इंस्पेक्शन सर्विसेज के कर्मचारी मौजूद रहे।

बंगाली पंचांग के कारण एक दिन का अंतर

पश्चिम बंगाल के अलावा पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों, जैसे असम और त्रिपुरा में भी विश्वकर्मा पूजा की तिथि पारंपरिक बंगाली सौर पंचांग के अनुसार निर्धारित की जाती है। यहां भाद्र मास के अंतिम दिन यानी भाद्र संक्रांति पर भगवान विश्वकर्मा की पूजा करने की परंपरा है। बंगाली सौर कैलेंडर में महीनों की अवधि सूर्य की गति के आधार पर निर्धारित होती है। इसी क्षेत्रीय पंचांग गणना के कारण वर्ष 2026 में भाद्र मास का अंतिम दिन 18 सितंबर को पड़ा। इसलिए बंगाली समुदाय ने 18 सितंबर को विश्वकर्मा जयंती मनाई गई।

हजार दीपों से जगमगाया रिसाली दशहरा मैदान, गांवों में भी हुए आयोजन

दीपों की रोशनी में गूंजा सेवा और समृद्धि का संकल्प, 51 हजार दीपों से रोशन हुआ क्षेत्र, जले आशीर्वाद के दीप

भिलाई। दीपों के माध्यम से राष्ट्रसेवा, देश की समृद्धि और विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने का संदेश देने ट्विनसिटी में अनेक आयोजन हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर रिसाली से लेकर आसपास के ग्रामीण अंचलों तक दीप प्रज्वलन के माध्यम से शुभकामनाएं दी गईं। कहीं 51 हजार दीपों से पूरा मैदान रोशन हुआ तो कहीं मंदिर, आंगनबाड़ी केंद, स्कूल परिसर और बूथ स्तर पर दीप जलाकर प्रधानमंत्री के दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। रिसाली दशहरा मैदान में आयोजित भव्य दीपोत्सव में 51 हजार दीपों की रोशनी ने पूरे मैदान को जगमगा दिया। दीपों के माध्यम से राष्ट्रसेवा, देश की समृद्धि और विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने का संदेश भी दिया गया। बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, महिला शक्ति, भाजपा कार्यकर्ताओं और नगरवासियों ने इसमें सहभागिता की।

रिसाली में रोशन हुआ दशहरा मैदान

रिसाली दशहरा मैदान में आयोजित दीपोत्सव में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सहित भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा और नगरवासियों ने दीप प्रज्ज्वलित किए। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और निरंतर राष्ट्रसेवा के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। 51 हजार दीपों की एक साथ जगमगाती रोशनी ने आयोजन को विशेष बना दिया। मैदान में देशभक्ति और उत्साह का वातावरण नजर आया। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को विश्व पटल पर नई पहचान दिलाई है। गरीब कल्याण से लेकर विश्व नेतृत्व तक उनके कार्यों से कार्यकर्ताओं को प्रेरणा मिलती है। 51 हजार दीप जलाकर उनके दीर्घायु जीवन और निरंतर राष्ट्रसेवा के लिए आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। आयोजन में रिसाली नगर निगम आयुक्त मोनिका वर्मा, सांसद प्रतिनिधि दीपक चंद्राकर, रिसाली भाजपा मंडल अध्यक्ष एकनाथ, मरोदा-पुरैना मंडल अध्यक्ष राजू जंघेल, अनुपम साहू, राकेश जंघेल, महामंत्री दशरथ साहू, गुड्डू झा, पुनाराम कलिहारी, नरेंद्र निर्मलकर, जिला मंत्री शैलेन्द्र शेंडे, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष शकुंतला दास, शिखा तिवारी, सविता महिलांग, पद्मश्री राधेश्याम बारले सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

सिलोदा में मंदिर से आंगनबाड़ी तक जले दीप

ग्राम सिलोदा के बूथ क्रमांक 27 में भी दीप प्रज्ज्वलित किए गए। बूथ अध्यक्ष बुधराम रावत के नेतृत्व में स्कूल भवन, आंगनबाड़ी केंद्र, शीतला मंदिर, गणेश पंडाल और वार्ड 16 में आशीर्वाद के दीप जलाए गए। कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना करते हुए देश की समृद्धि और विकास की प्रार्थना की।

जिला सहकारी बैंक मुख्यालय में जलाया गया आर्शीवाद का दीया

भिलाई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने और उनके जन्मदिन के अवसर पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के प्रधान कार्यालय परिसर में आर्शीवाद का दीया प्रीतपाल बेलचंदन अध्यक्ष की उपस्थिति में जलाया गया। इस मौके पर लड्डू बांटकर खुशियां मनाई गईं। बेलचंदन के आग्रह पर दुर्ग,बालोद व बेमेतरा जिलों के सभी 402 सेवा सहकारी समिति और 75 बैंक ब्रांचों में जनप्रतिनिधियों व कर्मचारियों द्वारा भी दिपोत्सव कर बधाईयां व शुभकामनाएं प्रेषित किया। कार्यक्रम में एस.के.वर्मा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, एस.पी.अग्रवाल अधिवक्ता, बैंक अधिकारी हृदेश शर्मा, एस.के.निवसरकर, कुसुम ठाकुर, के.के.नायक, रोहित वर्मा, धीरेन्द्र देवांगन, एस.पी.वाहने, ए.एस.खान, युवराज चंद्राकर, चंद्रशेखर मानिकपुरी, पुष्पा चंद्राकर, पूर्णिमा साहू, विनीत वर्मा, रोहित यादव, विजय वर्मा, कमल वर्मा सहित प्रधान कार्यालय एवं शाखा दुर्ग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहें।

रसमड़ा में 51 दीपों से सेवा संकल्प

औद्योगिक ग्राम रसमड़ा में भाजपा शक्ति केंद्र कार्यालय और श्रीकृष्ण मंदिर में 51 दीप जलाए गए। कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के जन्मदिवस को सेवा और राष्ट्रहित के संकल्प के रूप में मनाया। इस अवसर पर देश को समृद्ध, सक्षम और विकसित बनाने के लिए निरंतर कार्य करने की भावना दोहराई गई। कार्यक्रमों में जिला भाजपा कार्यसमिति सदस्य रामखिलावन यादव, बुधराम रावत, पुष्पा सिंह, उषा जैन, चमन यादव, देवप्रसाद साहू, भगवानी साहू, बैकुंठ रावत, राजकुमार शर्मा, त्रिभुवन वैष्णव, मुलचंद सिंह, रानु जैन, नंद कुमार सिन्हा, महंगू निर्मलकर, उपेन्द्र यादव, बिसनाथ निषाद, किशोर यादव, कुंभलाल साहू, बिसंभर निषाद, दिनेश यादव सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

धर्म लाइव

गूंजा भगवान विश्वकर्मा का जयकारा प्रदेश की निरंतर प्रगति की कामना

भिलाई। विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर के सिविल लाइन दुर्ग स्थित निवास में भगवान विश्वकर्मा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। उन्होंने भगवान विश्वकर्मा से प्रदेश की सुख-समृद्धि, खुशहाली और निरंतर प्रगति की कामना की। इस अवसर पर विधायक के निज सहायक युवराज बेलचंदन हितेश देशमुख, कार्यालय सहायक शिव देशमुख शुभम् शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे। विधायक ललित चंद्राकर ने प्रदेशवासियों, विशेषकर श्रमवीरों, शिल्पकारों, कारीगरों, अभियंताओं, तकनीशियनों तथा उद्योग एवं निर्माण क्षेत्र से जुड़े लोगों को विश्वकर्मा जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

सोम लॉजिस्टिक और हैवी ट्रांसपोर्ट में धूमधाम से मनाई गई विश्वकर्मा पूजा

भिलाई। भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर भिलाई के सोम लॉजिस्टिक में भगवान विश्वकर्मा की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इसी कड़ी में हथखोज स्थित हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी में सृजन के देवता विश्वकर्मा का पूजनोत्सव बड़े धूमधाम से संपन्न हुआ। हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी के डायरेक्टर इंद्रजीत सिंह ने अपने परिवार के साथ भगवान विश्वकर्मा की विधि-विधान से पूजा और हवन में शामिल हुए। इस दौरान ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े लोगों की सुख-समृद्धि, खुशहाली और निरंतर प्रगति की प्रार्थना की गई। इस अवसर पर महासचिव मलकीत सिंह, उपाध्यक्ष अनिल चौधरी, कोषाध्यक्ष जोगा राव, यश सिंह, सोम सिंह, निर्मल सिंह सहित एचटीसी परिवार के कई प्रमुख पदाधिकारी, अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

श्री महाकाव्य रामायण कथा फिल्म 25 को सिनेमाघरों में, सीएम से मिले निर्देशक व टीम

भिलाई। छत्तीसगढ़ की पौराणिक, सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक विरासत को बड़े पर्दे पर भव्य रूप में प्रस्तुत करने वाली बहुप्रतीक्षित फिल्म श्री महाकाव्य रामायण कथा के निर्माता प्रकाश महोबिया, संजय बुंदेला एवं फिल्म की टीम ने आज छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से भेंट की। इस दौरान फिल्म के निर्माण, इसकी भव्यता, विषयवस्तु तथा छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में हुए फिल्मांकन को लेकर चर्चा हुई। निर्माताओं ने बताया कि फिल्म की शूटिंग छत्तीसगढ़ के बस्तर, चित्रकोट, भिलाई तथा प्रदेश के अन्य खूबसूरत एवं ऐतिहासिक स्थलों में की गई है। फिल्म में छत्तीसगढ़ की प्राकृतिक सुंदरता, संस्कृति और समृद्ध विरासत को विशेष रूप से दर्शाया गया है। फिल्म की टीम ने मुख्यमंत्री को बताया कि श्री महाकाव्य रामायण कथा भगवान श्रीराम के जीवन, उनके आदर्शों, त्याग, मर्यादा और धर्म की महान गाथा को भव्य सिनेमाई रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास है। भेंट के दौरान मुख्यमंत्री ने 25 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही फिल्म श्री महाकाव्य रामायण कथा को देखने की सहमति भी दी। निर्माता प्रकाश महोबिया एवं सह-निर्माता संजय बुंदेला ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह फिल्म दर्शकों को आध्यात्मिक भावनाओं से जोड़ने के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के पर्यटन और सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। श्री महाकाव्य रामायण कथा का निर्माण महोबिया फिल्म्स प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले किया गया है। फिल्म के निर्देशक अभिषेक सिंह, निर्माता प्रकाश महोबिया एवं सह-निर्माता संजय बुंदेला हैं।

सुमति नाथ व सुपारसनाथ का मंगल अभिषेक

भीतर से क्रोध, अहंकार, घमंड, मोह और अभिमान को त्यागें, मिलेगी आत्मशांति

भिलाई। त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर-6 में भगवान सुमित नाथ और सुपारसनाथ का मंगल अभिषेक किया गया। इस अवसर पर धर्म दिवस का आयोजन किया गया। ब्रह्मचारी ने कहा कि आप अपने भीतर से क्रोध, अहंकार, घमंड, मोह और अभिमान का त्याग करें। इस अवसर पर 24 तीर्थंकर भगवान के

समोसरण स्थल जैन भवन सेक्टर 6 के प्रांगण में 1008 अजीत नाथ भगवान, सुमति नाथ, पार्श्वनाथस सूपारसनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक दिवस के अष्टधातु की प्रतिमा पर सैकड़ो भक्तों ने मंगल अभिषेक किया, जहां शांति धारा का धर्म लाभ दिगंबर जैन मंदिर के प्रबंधक ट्रस्टी प्रदीप जैन बाकलीवाल, अरुण, प्रमोद, साधना, अक्षत जैन, शीतल जैन, राहुल जैन, भारत जैन, निशांत जैन आदि ने लिया। श्रीफल और अष्ट द्रव्य जिनेंद्र की प्रतिमा के समक्ष अर्पण किया। इस अवसर पर जैन ट्रस्ट जैन मिलन, पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर जैन महिला क्लब और सकल दिगंबर जैन समाज के अनेक भक्तों के साथ सैकड़ो महिलाओं ने भक्ति भाव के साथ आरती पूजन करते हुए 10 लक्षण धर्म के उत्तम मादव धर्म दिवस की पूजन किया।

ब्रह्मचारी ने मंगल प्रवचन में कहा कि उत्तम माधव अर्थात आप अपने भीतर के अभियान और घमंड को दूर करते हुए अपने अंतर्मन में जब क्रोध और अहंकार का भाव का त्याग करें। किसी की निंदा ना करें तभी आपका जीवन सफल और सार्थक रहेगा किसी के प्रति राग द्वेष का भाव ना रखें। 10 लक्षण धर्म के इस पावन अवसर पर आप सभी अपने जीवन में क्षमा भाव रखते हुए संयम के साथ क्रोध अहंकार और मोह माया का त्याग करें। हमारे गुरु आचार्य के अमृत वचनों का पालन करते हुए अपने अंदर के कषाय के भाव को समाप्त कर अपने जीवन के आत्म कल्याण को सपरिवार इस जैन धर्म के महान पर्यूषण पर्व में 10 धर्म की नित्य नियम से पूजन पाठ अभिषेक करते हुए सात्विकता के साथ अपना जीवन दिए और प्रतिदिन समय निकालकर सामाजिक पाठ भी अवश्य करें।

सृजन की दिशाएं कविता कार्यशाला

स्त्री ने शिक्षा, साहित्य, संस्कृति, राजनीति और विभिन्न क्षेत्रों में दिया योगदान

दुर्ग। साइंस कॉलेज के हिंदी एवं संस्कृत विभाग के संयुक्त तत्वावधान में रुसा 2.0 के अंतर्गत युवा सृजन की दिशाएं शीर्षक पर आयोजित कार्यशाला के द्वितीय दिवस के प्रथम सत्र में कवयित्री डॉ. मीता दास ने स्त्री कविता के मुखर स्वर और उनके संघर्ष पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि समाज में स्त्री ने परिवार, शिक्षा, साहित्य, संस्कृति, राजनीति और कार्यक्षेत्र सहित विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसके बावजूद उसे अनेक सामाजिक एवं आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। स्त्री संघर्ष केवल व्यक्तिगत संघर्ष नहीं, बल्कि समानता, सम्मान, स्वतंत्रता और अधिकारों से जुड़ा व्यापक सामाजिक प्रश्न है।उन्होंने समकालीन कवयित्रियों की कविता के माध्यम से नारी के दुख, संघर्ष, सपनें, अस्मिता और समानाधिकार के विषय में बात कही । डॉ. अंजन कुमार ने कविता लेखन की बारीकियों पर संक्षेप में चर्चा करते हुए कहा कि कविता लिखना, सृजन करना बहुत धैर्य का उपक्रम है । डॉ. अभिषेक पटेल ने समकालीन कविता की संरचना और संचार की प्रक्रिया पर चर्चा करते हुए कहा कि कविता केवल भावनाओं की अभिव्यक्ति नहीं बल्कि पाठक और समाज के बीच संवाद स्थापित करने का माध्यम है। आज सोशल मीडिया, ब्लॉग और डिजिटल मंचों ने कविता के संचार को अधिक व्यापक तो बनाया है साथ ही उसके स्वरूप को भी विकृत किया है । डॉ. शीतल चंद्र शर्मा ने कहा प्राचीन कविता की प्रसिद्धि उस कविता की विषय वस्तु के आधार पर बनी है आलोचक डॉ. जयप्रकाश साव ने छात्रों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से गठित चार समूह (निराला, जयशंकर प्रसाद,महादेवी वर्मा, कालिदास)में एक निश्चित काव्य पंक्ति दे कर कविता लिखने के लिये प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। संयोजक एवं संचालन डॉ. अम्बरीश त्रिपाठी ने किया। आभार प्रदर्शन संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष जनेंद्र दीवान ने किया। उक्त कार्य में हिंदी विभाग के प्राध्यापक डॉ. रजनीश उमरे आदि मौजूद थे।

आदिशक्ति मां दुर्गा किसी एक रूप तक सीमित नहीं, विभिन्न रूपों की करें पूजा

देवी भागवत के छठे दिन गूंजी मां कात्यायनी की महिमा, विकारों पर विजय का दिया संदेश

कार्नर न्यूज

दुर्ग। गंजपारा स्थित बाबा रामदेव मंदिर में बाबा रामदेवजी के जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित देवी भागवत कथा के छठवें दिन श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या उमड़ी। कथा में महिलाओं की विशेष उपस्थिति रही। प्रतिदिन रात 8 बजे आयोजित हो रही कथा में महाराष्ट्र के धुलिया से आए कथा वाचक पंडित राजीव कृष्ण महाराज ने देवी महात्म्य के प्रसंगों के माध्यम से भक्ति, आत्मसंयम और सदाचार का संदेश दिया। छठवें दिन की कथा में मां कात्यायनी की महिमा तथा भगवती दुर्गा द्वारा महिषासुर की सेना और उसके सेनापतियों चिक्षुर व चामर के विनाश के प्रसंग का वर्णन किया गया। उन्होंने कहा कि देवी महात्म्य में वर्णित राक्षसी प्रवृत्तियां केवल बाहरी शक्तियों का प्रतीक नहीं हैं, बल्कि मनुष्य के भीतर छिपे अहंकार, क्रोध, वासना और नकारात्मक विचारों का भी प्रतीक हैं। इन पर विजय प्राप्त करना ही वास्तविक साधना है।

मुख्य यजमान सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु

कथा के मुख्य यजमान पंकज पुरुषोत्तम गांधी एवं प्रीति साबू रहे। इस अवसर पर माहेश्वरी समाज महिला मंडल की अध्यक्ष ममता टावरी, इंदु भूतड़ा, मनीषा राठी, कंचन टावरी, लीला टावरी, मंजू राठी, रश्मि चांडक, आभा राठी, पूनम राठी, ज्योति रूंगटा, प्रेमा रूंगटा, ऊषा राठी, सोनल राठी, पूनम कश्यप, मीनल गिल्डा एवं कंचन भूतड़ा सहित सैकड़ों धर्मप्रेमी उपस्थित रहे।

भक्त के भौतिक और आध्यात्मिक संताप दूर

पंडित राजीव कृष्ण महाराज ने कहा कि मां दुर्गा या आदिशक्ति किसी एक रूप तक सीमित नहीं हैं। वे चर-अचर संपूर्ण सृष्टि की संचालिका हैं। ब्रह्मा, विष्णु और महेश भी अपनी शक्ति के लिए उसी आदिशक्ति की आराधना करते हैं। निष्कपट भाव से मां जगदंबा की शरण में जाने वाले भक्त के भौतिक और आध्यात्मिक संताप दूर होते हैं। उन्होंने कहा कि सच्ची भक्ति मनुष्य को धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की दिशा में ले जाती है। देवी की उपासना के साथ जीवन में सत्य, सदाचार और निष्काम कर्म को अपनाना जरूरी है। जब मनुष्य अपनी इंद्रियों और विकारों पर नियंत्रण प्राप्त करता है, तभी आत्मज्ञान का मार्ग प्रशस्त होता है। देवी कथा और मंत्र जाप से मन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है तथा मानसिक शांति प्राप्त होती है।

हेल्थ टिप्स

योग का पूरा लाभ चाहिए तो भूलकर भी न करें ऐसी गलतियां

योग के कई फायदे होते हैं, जो शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को सुधारने में मदद करते हैं। सही तरीके से किए गए योगाभ्यास से हृदय स्वास्थ्य बेहतर होता है। वजन पर नियंत्रण, लचीलापन और ताकत आती है। वहीं मानसिक समस्याओं जैसे तनाव और चिंता, नींद की समस्या में भी सुधार होता है। योग इम्यूनिटी को मजबूत करता है और कई रोगों से दूर रखता है।

हालांकि सेहत के लिए इतना असरदार होने के बावजूद क्या आप जानते हैं कि योग करते समय की गई छोटी-छोटी गलतियां फायदे की बजाय नुकसान पहुंचा सकती हैं? योगासन के दौरान उन सामान्य गलतियों से बचें जो स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर डाल सकती हैं:

गंदे या घटिया योगा मैट का इस्तेमाल

अक्सर लोग योग क्रिया पर ध्यान देते हैं लेकिन आसपास के वातावरण पर ध्यान नहीं देते। जिस योगा मैट पर बैठकर आप अभ्यास करते हैं, वह अक्सर सस्ता और गंदा हो सकता है। सस्ते योगा मैट फिसलने लगते हैं, जिससे चोट लगने का खतरा रहता है। वहीं गंदा योगा मैट कई रोगों का कारक बन सकता है।

कलाइयों पर अत्यधिक भार डालना

योग करते समय अपनी हाथों की कलाइयों पर अतिरिक्त वजन नहीं डालना चाहिए। एक ही मुद्रा में बहुत देर तक बने रहने से पहले कलाइयों को मजबूत करने पर फोकस करें। ऐसे योगासनों के अभ्यास से

बचें, जिससे आपका शरीर अस्थिर होने लगे या सारा भार कलाइयों पर आता हो।

बिना 'वार्म अप' सीधे कठिन आसन करना

योग करने से पहले वार्म अप करना चाहिए। कई लोग सीधे कठिन आसनों का अभ्यास करने लगते हैं, जिससे मांसपेशियों में खिंचाव और दर्द हो सकता है। वार्मअप से शरीर लचीला होता है और मांसपेशियां योग के लिए तैयार होती हैं।

योगाभ्यास में जल्दबाजी दिखाना

अक्सर लोग कई योग करने के चक्कर में जल्दी-जल्दी आसन बदलते हैं या शरीर को बिना तैयार किए कठिन आसनों का अभ्यास करते हैं। जल्दबाजी में चोट लग सकती है।

सांसों की लय पर ध्यान न देना

योगाभ्यास में सांसों का सही संतुलन महत्वपूर्ण होता है। कई बार लोग योग करते समय सांस रोक लेते हैं या अनियमित तरीके से सांस लेते हैं, जिससे योग का पूरा लाभ नहीं मिल पाता। प्राणायाम और आसनों के दौरान सांस लेने और छोड़ने के सही तरीके पर ध्यान देना चाहिए।

वर्ल्ड स्कूल स्पोर्ट्स ट्रायल में दम दिखा रहे विभिन्न राज्यों के एथलीट

जूडो में महाराष्ट्र शीर्ष पर, आज से मचेगी कुश्ती की धूम

रायपुर। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) के बैनर तले राजधानी के माहेश्वरी भवन में 13 से 21 सितंबर तक आयोजित वर्ल्ड स्कूल स्पोर्ट्स ट्रायल के तहत दो दिवसीय जूडो चयन स्पर्धा का सफल समापन शुक्रवार को हो गया। अब शनिवार 19 सितंबर से कुश्ती स्पर्धाओं की धूम रहेगी।

इस चयन स्पर्धा का मुख्य उद्देश्य ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में आयोजित होने वाले 'वर्ल्ड स्कूल गेम्स' के लिए भारतीय टीम का चयन करना है। प्रतियोगिता में देशभर की 26 टीमों से एसजीएफआई अंडर-17 आयु वर्ग के 170 से अधिक स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिनमें विभिन्न राज्यों के अलावा नवोदय विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय और सीबीएसई के प्रतिनिधि शामिल रहे।

स्पर्धा में सर्वाधिक पदक जीतकर महाराष्ट्र विजेता बना, जबकि मणिपुर दूसरे और हरियाणा तीसरे स्थान पर रहा। इसके बाद पंजाब, उत्तर प्रदेश और दिल्ली का स्थान रहा। इस दौरान निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए डिजिटल तकनीक के साथ-साथ नेशनल एंटी-डोपिंग एजेंसी (नाडा) की टीम भी तैनात रही।

प्रतियोगिता के सफल संचालन में जिला शिक्षा अधिकारी एम. जी. सतीश कुमार के निर्देशन में छाया प्रकाश राव,

संजय शुक्ला, उमेश ठाकुर, पीतांबर पटेल एवं तकनीकी टीम की सक्रिय भागीदारी रही। एसजीएफआई प्रतिनिधि शेर सिंह (राजस्थान), डी. एस. धुर्वे (मध्य प्रदेश) और समीर चंद्र (पश्चिम बंगाल) ने सभी विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

ब्राजील का टिकट और कोंडागांव की बेटियों का कमाल

भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) भोपाल से आए चयनकर्ताओं अमित गुर्जर, रुचि सिंह और घनश्याम ठाकुर ने बताया कि प्रतियोगिता से उत्कृष्ट प्रतिभाओं का चयन 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' व एसटीसी के लिए किया जाएगा। चयनित खिलाड़ी 14 से 18 दिसंबर तक आयोजित प्रशिक्षण शिविर (कैंप) में भाग लेंगे, जिसके बाद वे रियो डी जेनेरियो (ब्राजील) के लिए रवाना होंगे। आयोजन की सबसे बड़ी उपलब्धि वनांचल क्षेत्र कोंडागांव के बालिका गृह आश्रम की तीन आदिवासी बच्चियों का प्रदर्शन रहा, जो वर्तमान में साई (साईं) भोपाल में प्रशिक्षण ले रही हैं। हेमबत्ती नाग ने 40 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर ब्राजील चयन कैंप में अपनी जगह पक्की की। 44 किग्रा भार वर्ग की खिलाड़ी योगिता मंडावी को पिछले वर्ष 'प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार' से सम्मानित किया जा चुका है। रंजीता कुरैटी 52 किग्रा भार वर्ग में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक हासिल कर चुकी हैं।

संघर्ष से स्वर्णिम शिखर तक हेमबत्ती का सफर

40 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन करने वाली हेमबत्ती नाग की जीवन यात्रा बेहद संघर्षपूर्ण रही है। तीन बहनों और दो भाइयों के इस परिवार से वर्ष 2019 में मां और 2020 में पिता का साया उठ गया। मात्र 11 वर्ष की उम्र में अनाथ हुई हेमबत्ती ने कोंडागांव के बालिका गृह आश्रम में रहकर पढ़ाई और खेल जारी रखा। स्कूल गेम्स में स्वर्ण पदक जीतने पर साई (SAI) कोच की नजर उन पर पड़ी और यहीं से उनका जीवन बदल गया। उनकी कोच रुचि सिंह के अनुसार, हेमबत्ती वर्तमान में अपने सर्वश्रेष्ठ फार्म में हैं और आगामी अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने के लिए तैयार हैं।

चयन स्पर्धा के प्रमुख परिणाम

बालक वर्गः 50 किग्राः नौरेम (मणिपुर) प्रथम, जतिन (पंजाब) द्वितीय। 55 किग्राः गर्व (दिल्ली) प्रथम, आशीष (दिल्ली) द्वितीय। 60 किग्राः रॉबर्ट्सन (मणिपुर) प्रथम, मोहन (झारखंड) द्वितीय। 66 किग्राः मोतम (तेलंगाना) प्रथम, वैभव (पंजाब) द्वितीय। 73 किग्राः जाला (गुजरात) ने रोहित (राजस्थान) को हराया। 81 किग्राः अरविंद (हरियाणा) ने वैभव (सीबीएसई) को हराया। 90 किग्राः राम (पंजाब) ने ईलेश (हरियाणा) को हराया। 90+ किग्राः हर्षवर्धन (महाराष्ट्र) ने चार्ली जे. जैसन (केरल) को हराया। बालिका वर्गः 40 किग्राः हेमबत्ती नाग (छत्तीसगढ़) प्रथम, अस्मा (उत्तर प्रदेश) द्वितीय। 44

किग्राः सुषमा (हरियाणा) प्रथम, शांगोलसम (मणिपुर) द्वितीय। 48 किग्राः निकिता (उत्तर प्रदेश) प्रथम, वर्षा (दिल्ली) द्वितीय। 52 किग्राः नम्रता (महाराष्ट्र) प्रथम, वंशिका (पंजाब) द्वितीय। 57 किग्राः श्रावणी सतीश (महाराष्ट्र) ने गुरमेहर कौर (पंजाब) को हराया। 63 किग्राः अंजलि (राजस्थान) ने ग्रीष्म बेन भट्ट (गुजरात) को हराया। 70 किग्राः आर्य (महाराष्ट्र) ने खुशी (उत्तर प्रदेश) को हराया। 70+ किग्राः धनिक शेट्टी (महाराष्ट्र) ने अंजलि उमेश (कर्नाटक) को हराया।

बस्तर, सरगुजा और दूरस्थ क्षेत्रों में खेल विस्तार पर जोर

रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में राज्य के खेल संघों के पदाधिकारियों की समीक्षात्मक बैठक गुरुवार को हुई। राजधानी के सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम के सभाकक्ष में हुई इस बैठक की अध्यक्षता खेल संचालक आकांक्षा शिक्षा खलखो ने की।

- खेल गतिविधियों में तेजी लाने संचालक आकांक्षा शिक्षा खलखो ने दिए सख्त निर्देश

बैठक में विभाग के वरिष्ठ अधिकारी—संयुक्त संचालक प्रभाकर पाण्डेय, उप संचालक (वित्त) रवि अग्रवाल, सहायक संचालक रुस्तम सारंग एवं खेल अधिकारी गिरीश शुक्ला विशेष रूप से उपस्थित रहे। इनके साथ ही प्रदेश के 25 से अधिक प्रमुख राज्य खेल संघों के पदाधिकारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

संयुक्त सहभागिता पर जोर

बैठक का मुख्य उद्देश्य राज्य में छिपी हुई खेल प्रतिभाओं की खोज करना, खेलों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना तथा शासन व खेल संघों के बीच संयुक्त सहभागिता को और अधिक सुदृढ़ बनाना रहा। बैठक के दौरान विशेष रूप से बस्तर संभाग, सरगुजा संभाग एवं राज्य के दूरस्थ अनुसूचित क्षेत्रों के साथ-साथ जिला स्तर पर खेल गतिविधियों का व्यापक विस्तार करने हेतु ठोस रणनीति तैयार की गई।

वार्षिक कैलेंडर और 33 जिलों में पंजीयन के सख्त निर्देश

खेल संचालक श्रीमती खलखो ने सभी खेल संघों को निर्देश दिए कि वे अपना 'वार्षिक खेल कैलेंडर' अनिवार्य रूप से खेल संचालनालय में प्रेषित करें। इसके साथ ही प्रदेश के सभी 33 जिलों में जिला स्तरीय खेल संघों के चरणबद्ध पंजीयन (रजिस्ट्रेशन) एवं विभागीय मान्यता की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करने के सख्त निर्देश दिए गए।

पारदर्शिता, समीक्षा समिति और डोपिंग सेमिनार का निर्णय

प्रशासनिक सुगमता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए वर्तमान में जारी 'टॉप 100 एथलीट्स' (अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों) की अप्राप्त जानकारी तुरंत उपलब्ध कराने को कहा गया। खेल संघों के साथ निरंतर समन्वय स्थापित करने हेतु एक 'संयुक्त रिव्यू समिति' के गठन की घोषणा की गई। इसके अतिरिक्त, खेल संस्थाओं के पंजीयन कार्य को सुलभ बनाने के लिए रजिस्ट्रार फर्म एवं सोसाइटी कार्यालय के साथ आगामी समन्वय बैठक आयोजित करने तथा खिलाड़ियों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से 'डोपिंग सेमिनार' आयोजित करने का निर्णय लिया गया। अंत में, सभी खेल संघों के परस्पर सहयोग से छत्तीसगढ़ में खेल संस्कृति को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का सामूहिक संकल्प लिया गया।

जूनियर महिला हॉकी एशिया कप में छत्तीसगढ़ की गीता-मधु का जलवा

रायपुर। चीन के मोकी शहर में आयोजित जूनियर महिला हॉकी एशिया कप में छत्तीसगढ़ की गीता यादव और मधु सिदार ने भारतीय टीम के लिए शानदार प्रदर्शन किया। बिलासपुर के बहतराई स्थित राज्य खेल प्रशिक्षण केंद्र में संचालित आवासीय हॉकी अकादमी में प्रशिक्षण ले रहीं दोनों खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में कुल चार-चार गोल दागे। दक्षिण कोरिया के खिलाफ मैच में मधु सिदार ने एक गोल कर टीम की जीत में योगदान दिया। इसके बाद मलेशिया के खिलाफ 11-1 से मिली एकतरफा जीत में गीता यादव ने दो गोल किए। पाकिस्तान के खिलाफ खेले गए मुकाबले में भी दोनों का शानदार फॉर्म जारी रहा, जहाँ भारत ने पाकिस्तान को 19-0 से करारी शिकस्त दी। इस मैच में गीता यादव और मधु सिदार ने दो-दो गोल किए।

अंतरराष्ट्रीय मंच पर दोनों खिलाड़ियों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से अकादमी के प्रशिक्षण कार्यक्रम को भी विशेष पहचान मिली है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग की संचालक आकांक्षा शिक्षा खलखो ने गीता और मधु से मुलाकात कर उन्हें इस सफलता पर बधाई दी।

उन्होंने कहा कि दोनों खिलाड़ियों ने अपने बेहतरीन खेल कौशल से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया है, साथ ही उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर बिलासपुर आवासीय हॉकी अकादमी के वरिष्ठ प्रशिक्षक राकेश टोप्पो, खेलो इंडिया एक्सीलेंस सेंटर बिलासपुर के हाई परफॉर्मेंस मैनेजर कुलदीप बरार और बिलासपुर के खेल अधिकारी सुशील मौजूद रहे।-

संभाग स्तरीय बालिका वॉलीबॉल के तीनों आयु वर्ग में रायपुर विजेता

रायपुर। राजधानी रायपुर के सप्रे शाला वॉलीबॉल मैदान में गुरुवार को संभाग स्तरीय बालिका वॉलीबॉल चयन स्पर्धा का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में रायपुर संभाग के सभी पांच जिलों—रायपुर, धमतरी, महासमुंद, बलौदाबाजार और गरियाबंद—से लगभग 215 बालिका खिलाड़ियों और 30 खेल अधिकारियों के दल ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चयनित खिलाड़ी 28 सितंबर से आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में रायपुर संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे। राज्य स्तरीय स्पर्धा के प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

यह पूरी प्रतियोगिता नॉकआउट पद्धति के आधार पर खेली गई, जिसमें टीमों ने अपनी जीत का सिलसिला बनाए रखते हुए मेरिट में स्थान पक्का किया। शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए रायपुर जिले ने 14 वर्ष, 17 वर्ष और

19 वर्ष—इन तीनों आयु वर्गों में खिताबी जीत हासिल कर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया।

17 वर्ष आयु वर्ग में पहला मुकाबला धमतरी ने महासमुंद को 2-1 सेट से हराकर जीता और सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में धमतरी को रायपुर के हाथों 2-0 से शिकस्त झेलनी पड़ी। वहीं दूसरे पूल से बलौदाबाजार को 2-0 से हराकर गरियाबंद ने फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबले में गरियाबंद को रायपुर के हाथों सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा। 19 वर्ष आयु वर्ग में बलौदाबाजार ने धमतरी को तथा गरियाबंद ने महासमुंद को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच में गरियाबंद को रायपुर के हाथों सीधे सेटों में पराजय का सामना करना पड़ा और रायपुर विजेता बना।

कार्नर न्यूज

जेब पर बिना भारी पड़े दें ये उपयोगी गिफ्ट्स, दें सम्मान और प्यार का खास उपहार

सीमित बजट में बुजुर्गों के चेहरे पर लाएं मुस्कान, इनकी खुशियों से महक उठेगा आपका घर-आंगन

हमारे घर के वरिष्ठ परिजन—जैसे माता-पिता, दादा-दादी, नाना-नानी या बड़े-बुजुर्ग—हमेशा निस्वार्थ भाव से अपने परिवार का मार्गदर्शन और पालन-पोषण करते हैं। उनके जीवन में योगदान और समर्पण के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए किसी खास मौके या फिर किसी आम दिन भी उन्हें एक छोटा सा तोहफा दिया जा सकता है।

बुजुर्ग कभी भी अपने बच्चों से किसी महंगे या कीमती सामान की मांग नहीं करते, उनके लिए उपहार के पीछे छिपा आपका प्रेम, आदर और ध्यान सबसे ज्यादा मायने रखता है। यदि आप अपने घर के वरिष्ठों को स्पेशल महसूस कराना चाहते हैं और आपका बजट सीमित है, तो 500 रुपये के अंदर भी कई ऐसे शानदार और उपयोगी विकल्प मौजूद हैं जो उनके चेहरे पर एक प्यारी सी मुस्कान ला सकते हैं:

कस्टमाइज्ड मग या चाय का विशेष कप

घर के बुजुर्गों की दिनचर्या में सुबह या शाम की चाय-कॉफी का एक खास महत्व होता है। आप उन्हें एक खूबसूरत कस्टमाइज्ड मग या कप गिफ्ट कर सकते हैं। इस कप पर आप उनके साथ

अपनी कोई यादगार तस्वीर या फिर उनके लिए कोई आदरसूचक संदेश (जैसे- ₹विश्व के सबसे प्यारे दादाजी₹ या ₹हमारे मार्गदर्शक₹) प्रिंट करवा सकते हैं। जब भी वे उसमें चाय या कॉफी पिएंगे, उन्हें आपके प्रेम और सम्मान का अहसास होगा। यह उपहार बाजार या ऑनलाइन स्टोर पर 200 से 400 रुपये में आसानी से तैयार हो जाता है।

सूती शॉल, दुपट्टा या स्टोल

वरिष्ठजनों के स्वास्थ्य और आराम को ध्यान में रखते हुए हल्का सूती शॉल, गमछा, दुपट्टा या स्टोल एक बेहद व्यावहारिक और उपयोगी तोहफा है। यह गर्मियों के मौसम में धूप और पसीने से राहत दिलाता है तथा सफर के दौरान भी काफी काम आता है। बुजुर्गों के परिधानों में यह नया रंग और शालीनता जोड़ने वाला उपहार है। एक अच्छी गुणवत्ता का सूती स्टोल या गमछा 250 से 400 रुपये के बजट में आसानी से मिल जाता है।

हस्तनिर्मित (हैंडमेड) ग्रीटिंग कार्ड और फोटो फ्रेम

अगर आप अपने वरिष्ठ परिजनों को अपनी भावनाओं का सीधा अहसास कराना चाहते हैं, तो अपने हाथों से बना ग्रीटिंग कार्ड सबसे सुंदर

विकल्प है। आप घर पर एक कार्ड बनाकर उसमें उनके प्रति अपना आभार, सम्मान और उनके दिए संस्कारों के लिए धन्यवाद संदेश लिख सकते हैं। इसके अलावा आप परिवार की पुरानी यादों को समेटकर एक छोटा फोटो कोलाज या फ्रेम तैयार करके भी दे सकते हैं। इस हस्तनिर्मित उपहार को तैयार करने में महज 100 से 250 रुपये का खर्च आता है, लेकिन इसका भावनात्मक मूल्य अमूल्य होता है।

इंडोर प्लांट (हरियाली और सकारात्मकता का प्रतीक)

उम्र के इस पड़ाव पर प्रकृति और पौधों के साथ जुड़ाव मन को शांति प्रदान करता है। वरिष्ठजनों को घर में सकारात्मक ऊर्जा और शुद्ध हवा देने के लिए तुलसी, मनी प्लांट, एलोवेरा या लकी बम्बू जैसा इनडोर प्लांट उपहार में दिया जा सकता है। यदि उन्हें बागवानी का शौक है, तो आप उन्हें सुंदर फूलों वाला कोई गमला भी दे सकते हैं। पौधे की देखभाल करने से उनका मन भी बहला रहेगा। एक सुंदर पॉट के साथ पौधा 200 से 450 रुपये के भीतर आसानी से उपलब्ध हो जाता है।

आंखों की सूजन और पफीनेस को दूर करेंगे खास ठंडे टी-बैग्स

यदि मैं रात को चावल खा लूँ तो सुबह मेरे चेहरे और आंखों पर सूजन आ जाती है। इसी तरह हो सकता है कि किसी कारणवश आपकी आंखों में भी सूजन आ जाए। सुबह आप ऑफिस जाने के लिए तैयार हों और आंखों के नीचे पफी बैग्स बने हों, तो कितना खराब लगेगा। आंखों के नीचे बने ये बैग्स आमतौर पर खुद ही ठीक हो जाते हैं, लेकिन अगर आपको जल्दी कोई हल चाहिए, तो क्या करेंगे? क्या आपने कभी चाय पत्ती का इस्तेमाल करके देखा है? नेशनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी इंफॉर्मेशन (एनसीबीआई) की एक स्टडी में यह बात सामने आई है कि चाय पत्ती में हीलिंग प्रॉपर्टीज होती हैं, जो कई कंडीशन्स को सुधारने और नियंत्रित करने में मदद कर सकती हैं।

ठंडे टी-बैग्स आंखों पर लगाने के फायदे

ठंडे टी-बैग्स आंखों पर लगाने के कई फायदे हैं। यह एक कोल्ड कंप्रेस की तरह काम करता है। यह एक किफ़ायती ट्रीटमेंट है, जिसकी मदद से आपके छोटे-मोटे कंसर्न्स दूर हो सकते हैं। आंखों में होने वाली रेडनेस, जलन, सूजन और पफीनेस आदि को दूर करने के लिए टी-बैग्स का कोल्ड कंप्रेस काफी मदद करता है। इतना ही नहीं, आंखों के नीचे बने डार्क सर्कल्स को भी इसकी मदद से दूर किया जा सकता है। सूजन और फुलाव कम करता है: ठंडे टी-बैग रक्त वाहिकाओं को

संकुचित करते हैं, जिससे आंखों के नीचे की सूजन कम होती है। काले घेरे कम करता है: कैफीन और एंटी-ऑक्सीडेंट्स काले घेरों को कम करने में मदद करते हैं। आंखों को आराम देता है: टी-बैग की ठंडक आंखों की थकान और जलन को कम करती है, जिससे आराम मिलता है। जलन कम करता है: चाय में मौजूद पॉलीफेनॉल्स और एंटी-ऑक्सीडेंट्स आंखों में जलन और लालिमा से राहत दे सकते हैं। छोटी-मोटी चोटों से राहत: आंखों के आसपास हल्की चोट लगने पर ठंडे टी-बैग से सिकाई करने से दर्द और सूजन कम हो सकती है।

कैमोमाइल और ग्रीन टी भी उपयोगी

ग्रीन टी में फ्लेवोनोइड्स का स्तर अधिक होता है, जो इसे सूजन कम करने के लिए विशेष रूप से प्रभावी बनाता है। कैमोमाइल और रूइबोस टी में सूजन-रोधी गुण होते हैं और ये त्वचा को कसने व झुर्रियां कम करने में मदद कर सकते हैं।

कैसे इस्तेमाल करें

ठंडे इस्तेमाल के लिए टी-बैग को फ्रिज में रखें। टी-बैग को अपनी बंद आंखों पर 10-15 मिनट के लिए रखें। सूजन कम होने तक आप दिन में कई बार ऐसा कर सकते हैं। ध्यान दें: आंखों के संक्रमण जैसे कुछ मामलों में टी-बैग का उपयोग केवल अस्थायी राहत प्रदान कर सकता है। उचित निदान और उपचार के लिए डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए।

विरासत की बात

हाल ही में केएमवी कॉलेज, जालंधर के कैंपस में 'सुकृति-2026: हेरिटेज टू हॉट: अ फैशन ओडिसी' का आयोजन किया गया। इस इवेंट में स्टूडेंट्स ने अपने डिज़ाइन किए हुए कॉस्ट्यूम और एक्सेसरीज़ प्रदर्शित किए। इन क्रिएशन्स को रैंप पर अलग-अलग थीम वाले राउंड्स में पेश किया गया, जिनमें 'भारत की कहानी: द महारानी सागा', 'वैनिटी फेयर: द पीकॉक प्रिज़्म', 'इंडिगो ब्लॉसम: द डेनिम कॉउचर', 'अवांट गार्डे: बियॉन्ड द ऑर्डिनरी' और 'नूर-ए-विरासत: सेलिब्रेटिंग द लिगेसी' शामिल थे।

ऑफिस में क्लासी लुक पाने के लिए पहनें ट्रेंडी इयररिंग्स

ऑफिस जाने के लिए जिस तरीके से हम अपने आउटफिट का खास ध्यान रखते हैं, वैसे ही हम एक्सेसरीज़ कौन-सी स्टाइल करें, इसके बारे में भी हमेशा सोचते रहते हैं। कई बार ऐसे आउटफिट्स हम ऑफिस में वियर करते हैं जिनके साथ समझ नहीं आता कि कौन-से इयररिंग्स स्टाइल करें ताकि खूबसूरत नज़र आएं। ऐसे में आप यहाँ दिए गए इयररिंग्स डिज़ाइन के ऑप्शन्स में से चुन सकती हैं

हार्ट शेप स्टड इयररिंग्स

अगर आपको स्टड इयररिंग्स पहनना पसंद है तो इसके लिए आप हार्ट शेप वाले ऑप्शन को ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके के इयररिंग्स दिखने में छोटे होते हैं लेकिन पहनने में काफी क्लासी लगते हैं। इन्हें आप आसानी से ऑफिस में स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको अलग-अलग तरीके के डिज़ाइन और ऑप्शन्स मिल जाएंगे। इन्हें स्टाइल करना आप इसलिए भी पसंद करेंगी, क्योंकि ये हर एक आउटफिट के साथ अच्छे से स्टाइल हो जाते हैं। इन्हें आप शर्ट-पैंट, ड्रेस या फिर जींस-टॉप के साथ भी पहन सकती हैं। इस तरीके के इयररिंग्स आपको 250 से 300 की रेंज में मिल जाएंगे।

ज्योमेट्रिकल ड्रॉप इयररिंग्स

कई सारे इयररिंग्स डिज़ाइन ऐसे होते हैं जिन्हें स्टाइल करना आसान भी होता है और ये पहनने के बाद काफी अच्छे लगते हैं। ऐसे में आप ज्योमेट्रिकल ड्रॉप इयररिंग्स के इस ऑप्शन को ट्राई कर सकती हैं। इसमें आप सिल्वर, गोल्डन वगैरह डिज़ाइन ट्राई कर सकती हैं। इसमें आपको कई सारे ऑप्शन भी मिल जाएंगे, जिन्हें स्टाइल करके आप अपने ऑफिस लुक को यूनिक बना सकती हैं। इस तरीके के इयररिंग्स आपको 250 से 300 की रेंज में अच्छे डिज़ाइन के साथ मिल जाएंगे।

हूप्स इयररिंग्स

मार्केट में आपको अलग-अलग तरह के हूप्स इयररिंग्स के ऑप्शन मिल जाएंगे, जिन्हें आप ऑफिस वियर ड्रेस के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको स्टोन वर्क हूप्स, सिंपल हूप्स, ज़िग-ज़ैग हूप्स वगैरह जैसे और भी ऑप्शन मिल जाएंगे जिन्हें आप ऑफिस में पहन सकती हैं। इसकी खास बात यह है कि ये छोटे होते हैं और इन्हें आसानी से आप डेली वियर कर सकती हैं। इस तरीके के इयररिंग्स आपको 200 से 300 की रेंज में मिल जाएंगे।

सिंपल साड़ी को भी स्टाइलिश बनाएंगे ये बैक डोरी ब्लाउज़

साड़ी पहनना हर लड़की को पसंद होता है, लेकिन उसके साथ सिर्फ एक ही तरह के डिज़ाइन का ब्लाउज़ पहनकर आप बोर हो गई होंगी। ऐसे में आपका भी मन होता होगा कुछ नए डिज़ाइन ट्राई करने का। इसके लिए आप डोरी वाले ब्लाउज़ डिज़ाइन ट्राई कर सकती हैं। य

बो ब्लाउज़ डिज़ाइन

अगर आप एक ही तरह के ब्लाउज़ डिज़ाइन पहनकर बोर हो गई हैं तो इस बार ट्राई करें 'डोरी विद बो' ब्लाउज़ डिज़ाइन। इस तरीके के ब्लाउज़ काफी क्लासी लुक देते हैं। इसमें बैक डीप होती है, साथ ही ऊपर बाजू के पास और नीचे कमर पर डोरी लगाई जाती है। इससे ब्लाउज़ और ज्यादा खूबसूरत लगने लगता है।

फैशन कार्नर

नाइट पार्टी में दिखना चाहती हैं परफेक्ट तो फॉलो करें ग्लैमरस मेकअप लुक्स

बहुत सी बॉलीवुड एक्ट्रेस अक्सर अपने लुक्स को लेकर सोशल मीडिया पर काफी फेमस रहती हैं और ज्यादातर लड़कियां उनके मेकअप लुक्स को फॉलो भी करती हैं। अगर आप भी पार्टी के लिए कुछ नया मेकअप लुक क्रिएट करना चाहती हैं, तो अभिनेत्रियों द्वारा शेयर किए गए इन लुक्स को ट्राई कर सकती हैं। ज़रूरी नहीं कि आप हमेशा एक जैसा ही लुक रखें, लेकिन खास मौकों पर इन्हें आज़मा सकती हैं।

न्यूड मेकअप लुक

आजकल नाइट पार्टीज़ के लिए न्यूड मेकअप लुक काफी पसंद किया जा रहा है। यह लुक देखने में मिनिमल लगता है, लेकिन इसे परफेक्टली क्रिएट करने में थोड़ा समय लगता है। इसके लिए आपको हैवी बेस या बोल्ड आंखों की ज़रूरत नहीं है; बल्कि आप केवल कंसीलर और ब्रोंजर की मदद से इस लुक को पा सकती हैं। आप चाहें तो इसके साथ लिप्स को न्यूड और आंखों को बोल्ड रख सकती हैं। इसके लिए न्यूड और ब्लैक शेड का इस्तेमाल करें। यह लुक काफी क्लासी लगता है और इसे किसी भी आउटफिट के साथ कैरी किया जा सकता है।

ग्लॉसी मेकअप लुक

अगर आपको पार्टी में ग्लोइंग स्किन चाहिए, तो ग्लॉसी मेकअप लुक क्रिएट कर सकती हैं। इसके लिए बेस के साथ-साथ हाइलाइटर का इस्तेमाल करें। आंखों पर शिमरी आईशैडो लगाएं और लिप्स के लिए मैट की जगह ग्लॉसी लिपस्टिक का इस्तेमाल करें।

बोल्ड आई मेकअप लुक

नाइट पार्टी के लिए अगर आप कुछ नया और स्टाइलिश ढूंढ रही हैं, तो बोल्ड आई मेकअप सबसे बेस्ट ऑप्शन है। इसमें आपको सिर्फ अपनी आंखों के मेकअप को बोल्ड रखना होगा और होठों पर लाइट शेड लगाना होगा। चेहरे के बेस को थोड़ा हैवी रखें। इससे आपका बोल्ड आई मेकअप लुक उभरकर आएगा और आप पार्टी में बेहद आकर्षक दिखेंगी।

आंखों का मेकअ

प्राइमर और फाउंडेशन: सबसे पहले अपनी पलकों पर आई प्राइमर लगाएं ताकि आईशैडो लंबे समय तक टिका रहे। शिमरी आईशैडो: पूरी पलक पर हल्के रंग का आईशैडो लगाएं, फिर क्रीज़ एरिया में गहरा शेड लगाकर उसे अच्छी तरह ब्लेंड (मिलाएं) करें। आईलाइनर और मस्कारा: ऊपरी लैश लाइन पर गहरा विंग्ड आईलाइनर लगाएं और मस्कारा के दो कोट लगाएं। आप चाहें तो कलर्ड मस्कारा भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

चेहरे का मेकअप

बेस और कंसीलर: अपनी त्वचा की रंगत से मेल खाता फाउंडेशन लगाएं और दाग-धब्बों को छिपाने के लिए कंसीलर का उपयोग करें। ब्लश और हाइलाइटर: चेहरे को उभारने के लिए चीक बोन्स (गालों की हड्डियों) पर ब्लशर लगाएं। इसके बाद गालों की हड्डी, नाक के ब्रिज और माथे पर हाइलाइटर लगाएं, जिससे चेहरा ग्लो करेगा। कंटूरिंग: कंटूरिंग से अपने चेहरे को और भी डिफाइंड व शार्प लुक दे सकती हैं।डार्क लिपस्टिक: नाइट पार्टी के लिए डार्क रेड, डार्क ब्राउन, या डार्क पिंक जैसे बोल्ड शेड्स चुनें। इसके बाद होंठों के बीचों-बीच थोड़ी सी गोल्डन डस्ट पाउडर लगा सकती हैं।

83वें वेनिस फिल्म महोत्सव में छाई इज़राइली डॉक्यूमेंट्री 'नाजा', 25 मिनट तक गूंजती रहीं तालियां

हॉलीवुड

गाजा संघर्ष की पृष्ठभूमि पर आधारित 80 मिनट की इज़राइली डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'नाजा' को इटली में आयोजित 83वें वेनिस अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में दिखाया गया। यहाँ इसे दर्शकों ने खड़े होकर 25 मिनट तक सराहा और फिल्म को 'स्पेशल जूरी पुरस्कार' से भी सम्मानित किया गया। इस अंतरराष्ट्रीय सराहना के विपरीत, इज़रायल की सरकार और सेना ने फिल्म पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए इस पर तीखी प्रतिक्रिया दी है।

इस फिल्म का नाम 'नाजा' सैन्य शब्दावली से लिया गया है, जिसका इस्तेमाल युद्ध के दौरान होने वाले सम्भावित अतिरिक्त या अनपेक्षित नागरिक नुकसान को दर्शाने के लिए किया जाता है। करीब तीन साल के शोध के बाद तैयार की गई इस 80 मिनट की फिल्म में इज़राइली सेना और खुफिया एजेंसियों के 24 अंदरूनी सूत्रों व सैन्य कर्मियों के गुप्त साक्षात्कारों को शामिल किया गया है। फिल्म में यह गंभीर दावा किया गया है कि इज़रायल रक्षा बल गाजा में लक्ष्यों को निर्धारित करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित प्रणालियों का इस्तेमाल कर रहे हैं,

सुब्बुलक्ष्मी पर बायोपिक 'एम.एस.- ए लेगेसी ऑन स्क्रीन' का ऐलान, रश्मिका मुख्य भूमिका में

टॉलीवुड

बंगलूरू में महान कर्नाटक शास्त्रीय गायिका एम.एस. सुब्बुलक्ष्मी की 110वीं जयंती के मौके पर 16 सितंबर को एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। यहाँ कमल हासन ने गायिका की बायोपिक का आधिकारिक ऐलान किया, जिसमें रश्मिका मंदाना लीड भूमिका अदा करेंगी। शास्त्रीय गायिका एम.एस. सुब्बुलक्ष्मी के जीवन पर फिल्म बनेगी। रश्मिका मंदाना इसमें महान गायिका के किरदार में नज़र आएंगी। उन्होंने बीते दिनों अपने सोशल मीडिया अकाउंट के ज़रिए इसकी जानकारी साझा की थी। एम.एस. अम्मा की बायोपिक का टाइटल 'एम.एस. - ए लेगेसी ऑन स्क्रीन' है। इसमें रश्मिका मंदाना सुब्बुलक्ष्मी का किरदार निभाने वाली हैं। सुपरस्टार कमल हासन ने इस फिल्म को लॉन्च किया। इवेंट में दिग्गज अभिनेता ने महान गायिका के किरदार को निभाने के दबाव की तुलना माइकल जैक्सन का किरदार निभाने से की।

कमल हासन का कहना है कि इस रोल को निभाने में वैसा ही दबाव महसूस होता है, जैसा माइकल जैक्सन जैसे ग्लोबल आइकॉन का किरदार निभाते समय किसी एक्टर को होता है।

आम्रपाली दुबे की फिल्म 'रोजा' का फर्स्ट लुक जारी, किरदार और पोस्टर बने चर्चा का केंद्र

भोजपुरी

भोजपुरी सिनेमा की लोकप्रिय एक्ट्रेस आम्रपाली दुबे इन दिनों एक तरफ 'बिग बॉस' के घर में अपनी मौजूदगी को लेकर चर्चा में हैं, तो दूसरी ओर घर से बाहर उनकी अपकमिंग फिल्म 'रोजा' का फर्स्ट लुक जारी कर दिया गया है। ऐसे में आम्रपाली एक साथ छोटे पर्दे और बड़े पर्दे, दोनों जगह सुर्खियाँ बटोर रही हैं। आम्रपाली दुबे इससे पहले 'भोजपुरिया बवाल' में भी नज़र आ चुकी हैं, जहाँ उनके अंदाज़ और मौजूदगी ने दर्शकों का ध्यान खींचा था। अब 'बिग बॉस' में उनकी मौजूदगी के बीच उनकी फिल्म 'रोजा' का फर्स्ट लुक सामने आना उनके फैंस के लिए किसी खास सरप्राइज से कम नहीं है।

'रोजा' के फर्स्ट लुक पोस्टर में मंदिर, धार्मिक आस्था और सामाजिक संघर्ष की झलक देखने को मिल रही है। पोस्टर में आम्रपाली दुबे का गंभीर और प्रभावशाली अंदाज़ खास तौर पर ध्यान खींचता है। इस पोस्टर में जहाँ आम्रपाली दुबे बुर्के में नज़र आ रही हैं, वहीं सीएम योगी आदित्यनाथ की तरह दिखने वाले किरदार को लेकर हलचल बढ़ गई है।